हिन्दी दैनिक
# राष्ट्र संवाद
आपका राष्ट्र, आपका संवाद
जमशेदपुर से प्रकाशित
मूल्य : दो रुपए
जमशेदपुर, सोमवार 10 फरवरी 2025
नगर संस्करण
वर्ष: 01,अंक:269
RNI No. : JHAHIN - 01092
rashtrasamvad.com

## सुविचार

सफलता को इससे ना आंके की अभी आप कैसे कार्य कर रहे हो छोटे – छोटे कदमों से बड़ी सफलता मिलती है ।

## महाकुंभ में महाजाम, संगम रेलवे स्टेशन 14 फरवरी तक बंद

### प्रयागराज के रास्तों पर 25 किमी. तक गाड़ियां, लाखों लोग 10-12 घंटे से फंसे



**प्रयागराज,एजेंसी।** महाकुंभ में रविवार की छुट्टी के चलते श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ है। संगम पहुंचने के सभी रास्तों में 10 से 15 किमी लंबा जाम लगा है। वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और रीवा से प्रयागराज आने-जाने वाले रास्तों पर 25 किमी तक गाड़ियां रेंग रही हैं। संगम में डुबकी लगाने जाने वालों और वहां से लौटने वाले श्रद्धालु भूखे-प्यासे जाम खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

प्रयागराज जंक्शन पर भीड़ को मैनेज करने के लिए इमरजेंसी क्राउड मैनेजमेंट प्लान लागू किया गया। उत्तर रेलवे लखनऊ के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया, 14 फरवरी तक प्रयागराज संगम स्टेशन बंद रहेगा। लखनऊ लौट रहे एक श्रद्धालु आकाश द्विवेदी ने बताया- उनकी गाड़ी 3 घंटे से मलाका गांव के जाम में फंसी है।

वहीं, महाकुंभ से मध्यप्रदेश जा रही श्रद्धालुओं से भरी एक बस सड़क किनारे पलट गई है। हादसे में 12 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए। आज सुबह मेला क्षेत्र के सेक्टर-19 में आग लग गई। इसमें एक कल्पवासी टेंट जल गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई।

इधर, अखिलेश यादव ने भी कन्नौज के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं से मुलाकात की। वह शनिवार रात सैफई जा रहे थे। श्रद्धालुओं से उन्होंने हालचाल पूछे। अखिलेश ने महाकुंभ पर यूपी में वाहनों को टोल मुक्त किए जाने की मांग की। कहा- इससे यात्रा की बाधा भी कम होगी और जाम का संकट भी। वहीं, महाकुंभ जा रही ट्रेनों में जबरदस्त भीड़ है।

## भारतीय स्नातकों की रोजगार क्षमता 10 वर्षों में 33.9 प्रतिशत बढ़कर 54.8 प्रतिशत हुई: केंद्रीय मंत्री

**गांधीनगर।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न कौशल निर्माण पहलों से भारत के स्नातकों की रोजगार क्षमता 2013 में 33.95 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 54.81 प्रतिशत हो गई है। बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (बिम्सटेक) युवा शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, मांडविया ने कौशल भारत मिशन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और पीएम इंटर्नशिप योजना जैसी पहलों का हवाला देते हुए युवा सशक्तीकरण के लिए भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। इन पहलों के तहत एआई, रोबोटिक्स और डिजिटल प्रौद्योगिकियों जैसे क्षेत्रों में 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

## प्रयागराज से चित्रकूट जा रहे झारखंड के श्रद्धालुओं की बस दुर्घटनाग्रस्त, 20 घायल



**राष्ट्र संवाद संवाददाता , चित्रकूट।** महाकुंभ में स्नान के बाद चित्रकूट आ रहे झारखण्ड के श्रद्धालुओं की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 20 श्रद्धालु घायल हैं, जिनमें 10 लोगों की हालत गंभीर है। हादसा रविवार को रैपुरा थाना क्षेत्र के रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास हुआ। झारखंड देवधर के रहने वाले श्रद्धालु एक प्राइवेट बस में सवार होकर प्रयागराज स्नान करने के बाद चित्रकूट दर्शन को आ रहे थे। रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के पास टायर फटने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 20 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को बस से निकालकर उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।अस्पताल प्रशासन के मुताबिक 10 श्रद्धालुओं की ज्यादा चोटें आई हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है।

## दिव्य-भव्य महाकुम्भ में सनातन आस्था की डुबकी लगाएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**महाकुम्भ नगर,एजेंसी।** प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। वह आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी । वह संगम स्नान के साथ ही अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।राष्ट्रपति मुर्मू सुबह संगम नोज़ पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगी। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार देंगी।

# बीजापुर मुठभेड़ में 31 नक्सली ढेर

### दो जवान शहीद, सीएम विष्णुदेव साय बोले- बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा



**बीजापुर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षाबलों ने बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए मुठभेड़ में 31 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। इसकी पुष्टि डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने की है। हालांकि, इस मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए हैं, जबकि दो जख्मी भी हुए हैं।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर में जवानों के शहीद होने की सूचना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मार्च 2026 तक हमारा राज्य नक्सलवाद मुक्त होकर रहेगा।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा, बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में 2 जवान शहीद एवं 2 जवान के घायल होने की भी दुःखद खबर प्राप्त हुई है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। सीएम विष्णुदेव साय ने आगे लिखा,प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में मार्च 2026 तक हमारा प्रदेश नक्सलवाद मुक्त होकर रहेगा। इस दिशा में सुरक्षाबल के जवान निरंतर सफलता हासिल कर लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। देश-प्रदेश में कैंसर रूपी नक्सलवाद का अंत तय है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने व घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।÷

विजय शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि बीजापुर के उस क्षेत्र में जिसमें नेशनल पार्क है, उसको नक्सलियों का आरामगाह कहा जाता था। वहां उसकी मांद में घुसकर 650 से अधिक सुरक्षाबलों के जवानों ने विभिन्न दिशाओं से घेरकर अनेक दिनों के ऑपरेशन के बाद 31 नक्सलियों को ढेर किया है। उन्होंने कहा कि सभी नक्सली वर्दी धारी थे। हमे बड़े हथियार बरामद हुए है। साथ ही इसमें हमारे 2 जवान शहीद हुए है। मैं हृदय से उन्हें नमन करता हूं। ईश्वर उनके परिवार को भी संबल प्रदान करें।

## बोले अमित शाह- नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में मिली बड़ी सफलता

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 31 नक्सलियों को ढेर कर दिया। सभी 31 वर्दीधारी माओवादी थे। इनके पास भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद हुई है। हालांकि इस मुठभेड़ में दो जवान शहीद और 2 घायल हुए हैं।



बीजापुर में 31 नक्सलियों को ढेर करने पर गृह मंत्री अमित शाह ने सुरक्षाबलों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे। इसके साथ ही उन्होंने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान 2 जवानों की शहादत पर शोक जताया।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में लिखा,नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है। इस ऑपरेशन में 31 नक्सलियों को ढेर करने के साथ ही भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री भी बरामद की गई है। उन्होंने आगे लिखा,मानवता विरोधी नक्सलवाद को समाप्त करने में आज हमने अपने दो बहादुर जवानों को खोया है। यह देश इन वीरों का सदा ऋणी रहेगा। शहीद जवानों के परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। साथ ही पुनः यह संकल्प दोहराता हूं कि 31 मार्च 2026 से पहले हम देश से नक्सलवाद को जड़ से समाप्त कर देंगे, ताकि देश के किसी भी नागरिक को इसके कारण अपनी जान न गंवानी पड़े। वहीं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, बीजापुर जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में अब तक 31 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों की मांद में घुसकर उसका खात्मा कर रहे हैं। जवानों को मिली यह कामयाबी सराहनीय है, उनकी बहादुरी को नमन करता हूं। मुठभेड़ में 2 जवान शहीद एवं 2 जवान के घायल होने की भी दुःखद खबर प्राप्त हुई है। ईश्वर से शहीद जवानों की आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को संबल प्रदान करने व घायल जवानों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

## अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ गांव-गांव पंचायत लगाने वाले तेलंगा खड़िया 219वीं जयंती पर किए गए याद

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**रांची।** इतिहास के पन्नों पर 1857 की क्रांति को भले प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रूप में दर्ज किया गया हो, लेकिन सच यह है कि झारखंड (तत्कालीन छोटानागपुर) के आदिवासी योद्धाओं ने उससे काफी पहले अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंक दिया था। इन्हीं योद्धाओं में एक थे तेलंगा खड़िया, जिन्हें उनकी 219वीं जयंती पर रविवार को झारखंड में शिद्दत के साथ याद किया गया।

वर्तमान समय में झारखंड के गुमला जिले के सिसई थाना अंतर्गत मुरगू में 9 फरवरी 1806 को जन्मे तेलंगा खड़िया ने 1857 की क्रांति के लगभग एक दशक पहले अंग्रेजी हुकूमत के शोषण-अत्याचार के खिलाफ झारखंड (तत्कालीन छोटानागपुर) के गांव-गांव में पंचायतें लगाकर विद्रोह की आंच सुलगा दी थी। हजारों लोगों ने इन पंचायतों से जुड़कर हथियारबंद दस्ते बना लिए थे। इससे घबराई अंग्रेजी सरकार ने तेलंगा खड़िया को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया था, लेकिन इसके बाद भी उनकी मुहिम नहीं रुकी थी। बाद में अंग्रेजी हुकूमत के पिट्ठू एक जमींदार ने झाड़ी की ओट में छिपकर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ÷अंग्रेज शोषकों के खिलाफ लड़ने वाले झारखंड की क्रांतिकारी भूमि के वीर सपूत अमर वीर शहीद तेलंगा खड़िया की जयंती पर शत-शत नमन।÷

झारखंड प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी उन्हें याद करते हुए लिखा, ÷अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध डटकर सामना करने वाले महान क्रांतिकारी, झारखंड के वीर सपूत तेलंगा खड़िया की जयंती पर उन्हें सादर नमन!÷

रांची स्थित रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान की ओर से शहीद तेलंगा खड़िया के जीवन और उनके संघर्ष पर कराए गए शोध के अनुसार, तेलंगा खड़िया का जन्म एक साधारण किसान के घर में हुआ था। उनके पिता का नाम हुईया खड़िया और माता का नाम पेतो खड़िया था। जनजातीय क्षेत्र में उनके जीवन को लेकर कई गीत गाए जाते हैं, जिसमें उल्लेख है कि तेलंगा बचपन से ही बेहद साहसी थे। उन्होंने युद्ध कौशल में निपुणता प्राप्त की थी।

सन् 1840-50 के बीच अंग्रेजी हुकूमत और उनके समर्थक जमींदारों के खिलाफ उन्होंने गांव-गांव में पंचायत लगाना शुरू किया। इसे जूरी पंचायत कहा जाता था।

## रांची में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद पूरे राज्य में अलर्ट, 10 किमी का इलाका सर्विलांस जोन घोषित



**रांची।** रांची के बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित वेटनरी कॉलेज के पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू से चाइनीज नस्ल वाली गिनी फाउल पक्षियों की मौत के बाद पशुपालन निदेशालय ने पूरे राज्य में अलर्ट जारी किया है। इस पोल्ट्री फॉर्म के दस किलोमीटर दायरे के इलाके को सर्विलांस क्षेत्र घोषित किया गया है, जबकि एक किलोमीटर के दायरे में मुर्गों और अंडों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

पूरे राज्य में असाधारण रूप से पक्षियों की मौत होने पर इसकी सूचना राज्य मुख्यालय को तुरंत देने का निर्देश दिया गया है। वेटनरी कॉलेज के जिस पोल्ट्री फार्म में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि हुई है, वहां काम करने वाली दो महिलाओं को एहतियाती तौर पर आइसोलेशन में रखा गया है। इन दोनों के भी सैंपल कलेक्ट किए गए हैं। फॉर्म में जिन बर्तनों में पक्षियों का खाना दिया जाता था और जिन प्लेटफॉर्म पर पक्षी बैठते थे, उन्हें जला दिया गया है।

पशुपालन निदेशक किरण पासी ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को वेटनरी कॉलेज प्रक्षेत्र में बची हुई मुर्गियों को मारडुन्ने और निष्पादित करने का निर्देश दिया है। इस फॉर्म में कुछ दिन पहले गिनी फाउल प्रजाति की 150 मुर्गियां मर गई थीं। इनके सैंपल भोपाल में राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान में जांच के लिए भेजे गए थे। 7 फरवरी को आई जांच रिपोर्ट में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई। इसके बाद पशुपालन एवं स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी किया है।

## रांची मैराथन में 10 हजार धावकों ने लिया भाग, विजेताओं को मिली 35.1 लाख की इनामी राशि

**रांची।** कोल इंडिया की ओर से रविवार को आयोजित रांची मैराथन के तीसरे संस्करण में 10 हजार से ज्यादा धावकों ने भाग लिया। मैराथन के समापन के बाद विजेताओं के बीच 35.1 लाख रुपये की इनामी राशि वितरित की गई। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस की ओर से प्रमाणित यह मैराथन रांची के मोरहाबादी मैदान से शुरू होकर कांके तक गई और वहां से वापस मोरहाबादी आकर इसका समापन हुआ। विजेताओं को कुल छह श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया।

फुल मैराथन (42 किलोमीटर) में पुरुष श्रेणी में ज्ञान बाबू और महिला श्रेणी में रीनू विजेता घोषित की गईं। दोनों को 3.3 लाख रुपये की अलग-अलग पुरस्कार राशि दी गई। हाफ मैराथन (21 किमी) में पुरुष वर्ग के विजेता हरमनजोत सिंह और महिला वर्ग की विजेता भारती नैन को अलग-अलग 2.2 लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया। इसी तरह 10 किमी दौड़ में पुरुष वर्ग में शुभम सिंधू और महिला वर्ग में के.एम. ज्योति प्रथम रहे। दोनों को अलग-अलग 1.1 लाख रुपये के पुरस्कार दिए गए। सभी श्रेणियों में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे विजेताओं को भी नकद इनाम दिए गए।

## मणिपुर के सीएम बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा,राज्यपाल अजय भल्ला को सौंपा पत्र



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इंफाल राजभवन में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को अपना इस्तीफा सौंप दिया। उन्होंने अपने पत्र में लिखा, अब तक मणिपुर के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। मैं मणिपुर के प्रत्येक नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए समय पर की गई कार्रवाई, हस्तक्षेप, विकास कार्य और विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार का अत्यंत आभारी हूं। वहीं राज्यपाल ने उन्हें नई सरकार का गठन होने तक जिम्मेदारी संभालने का निर्देश दिया है। ऐसे में एन. बीरेन सिंह मणिपुर के कार्यवाहक मुख्यमंत्री को रूप में काम करेंगे।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सूत्रों के अनुसार नए मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा एक या दो दिन में की जाएगी। इस्तीफा देने से पहले एन. बीरेन सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। एन. बीरेन सिंह को राज्य में जातीय संघर्ष से निपटने के तरीके को लेकर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। पिछले हफ्ते विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत को दिल्ली बुलाए जाने के बाद मणिपुर में सत्ता परिवर्तन के संकेत मिलने लगे थे। इसके बाद ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री युमनाम खेमचंद भी दिल्ली आए थे। इस बीच संकेत मिल रहे थे कि कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाने पर विचार कर रहा है। ऐसे में सीएम एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे को बड़े सियासी घटनाक्रम के तौर पर देखा जा रहा है।



# धनबाद: चिटाही धाम में श्रीराम महायज्ञ का भव्य आयोजन, कुमार विश्वास के काव्य तीरों से गूंजा मंच

**राष्ट्र संवाद संवाददाता , ओम प्रकाश शर्मा ,धनबाद :**

धनबाद के चिटाही धाम स्थित श्री श्री रामराज मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के छठे दिन श्रद्धा और आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। हजारों श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की, जिससे पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। इस महायज्ञ का शुभारंभ 4 फरवरी को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें देशभर के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महाराष्ट्र के ढोल, असम के बिहू नृत्य, पंजाब और उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक झांकियों ने शोभायात्रा को विशेष बना दिया।

तीसरे दिन आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने कार्यक्रम में शिरकत कर कहा कि यह धाम किसी कुंभ से कम नहीं है। उन्होंने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया और





इस आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बताया। सांसद ढुल्लू महतो, उनकी पत्नी सावित्री देवी, विधायक शत्रुघ्न महतो समेत कई गणमान्य लोग इस महायज्ञ में शामिल हुए। सांसद महतो ने इस आयोजन को श्रीराम जी की सेना का प्रतीक बताते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समेत कई केंद्रीय मंत्रियों को भी आमंत्रित किया है।

शनिवार रात आयोजित विराट कवि सम्मेलन में देश के मशहूर कवि कुमार विश्वास, आनंद महेंद्र, सुदीप भोला, कुशल कौशलेंद्र और प्रीति पांडे ने अपनी कविताओं से समा बांध दिया। कुमार विश्वास ने दिल्ली चुनाव परिणामों पर तंज कसते हुए कहा,

रपराए आंसुओं से आंखें, नम कर रहा हूं मैं,

**भरोसा आजकल खुद पर भी, कुछ कम कर रहा हूं मैं...**

उन्होंने दुर्योधन और अहंकार की तुलना करते हुए कहा कि हर युग में अहंकार का पतन हुआ है, और इस युग में भी हुआ। मंच से उनकी कविता सुनकर श्रोताओं की तालियां गूंज उठीं।

आगामी दिनों में प्रवचन, भक्ति जागरण, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें देशभर के संत-महात्मा और कलाकार हिस्सा लेंगे। भोजपुरी गायक पवन सिंह अपनी भजनों की प्रस्तुति देंगे।

विराट बांग्ला जात्रा, कवि सम्मेलन और प्रवचन सत्रों में हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। चिटाही धाम का यह वार्षिक महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बन गया है, बल्कि सांस्कृतिक एकता का प्रतीक भी बन रहा है। हर दिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। आयोजन समिति के अनुसार, इस वर्ष की भागीदारी पिछले वर्षों से अधिक है।

## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो प्रखंड सचिव जयधन हांसदा की असमय मृत्यु से शोक की लहर, सफीक अंसारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**जामताड़ा समीम अंसारी**

जामताड़ा जिला के नाला प्रखंड में झामुमो सचिव जयधन हांसदा की निधन की खबर से पूरे विधानसभा क्षेत्र में शोक का माहौल छा गया है। उनके असमय निधन की खबर ने क्षेत्रवासियों को स्तब्ध कर दिया। जयधन हांसदा एक समर्पित नेता और समाजसेवी थे, जिन्होंने पार्टी के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए थे। इस दुःख की घड़ी में झामुमो के नेता सफीक अंसारी ने मृतक के घर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और मृतक की आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की। सफीक अंसारी ने कहा कि इस कठिन समय में पूरा झामुमो परिवार मृतक के परिवार के साथ खड़ा है और इस दुख की घड़ी में हर संभव मदद देने के लिए तत्पर है।

जयधन हांसदा के निधन से पार्टी को एक बड़ी क्षति हुई है, लेकिन उनके द्वारा किए गए कार्यों और संघर्षों को हमेशा याद किया जाएगा। उनके परिवार को इस कठिन समय में संबल और सहारा देने के लिए पार्टी उनके साथ खड़ी है।झामुमो प्रखंड सचिव जयधन हांसदा की असमय मृत्यु से संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में शोक की लहर, सफीक अंसारी ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आयुष्मान कार्ड नहीं बनने से जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है असाध्य रोग से पीड़ित सात वर्षीय बालक प्रेम

**रानीश्वर(दुमका)**



**शुभेन्दु अधिकारी, राष्ट्र संवाद :** प्रखंड रानीग्राम गांव के खेतिहर मजदूर कालू बागति का सात वर्षीय पुत्र प्रेम बागति असाध्य रोग से ग्रसित हैं। कालू ने अपने पुत्र को अगस्त 2024 में बंगलरु के एक अस्पताल में भर्ती कराया हैं। अत्यंत निर्धन कालू को पुत्र के इलाज हेतु सहायता की नितांत आवश्यकता है परन्तु किसी कारणवश प्रेम का आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहा है आयुष्मान कार्ड नहीं रहने से पुत्र के इलाज हेतु सहयोग राशि पाने से वंचित हैं। अस्पताल प्रबंधन ने प्रेम के इलाज हेतु आयुष्मान कार्ड की मांग की हैं प्रेम के परिजन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीश्वर में आयुष्मान कार्ड की गुहार लगाने पर प्रेम के राशन कार्ड की मांग की हैं।परिजनों ने प्रेम का राशन कार्ड में नाम जोड़ने का आग्रह किया हैं मामला प्रकाश में आने पर जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने 10 जनवरी को जिला आपूर्ति पदाधिकारी को पत्र भेज कर परिवारिक राशन कार्ड में प्रेम का नाम जोड़ने का आग्रह किया हैं, परन्तु एक महीना के बाद भी राशनकार्ड में प्रेम का नाम नहीं जोड़ा जा सका है।

### सिंहवाहिनी प्लस टू उच्च विद्यालय कुंडहित के प्रभारी प्रधानाध्यापक पर स्कूली बच्चों से अवैध राशी वसूली का आरोप,जांच की मांग

**राष्ट्र संवाद संवाद संवाददाता,** जामताड़ाः कुंडहित प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंहवाहिनी प्लस टू उच्च विद्यालय कुंडहित के प्रभारी प्रधानाध्यापक मंतोष कुमार मंडल पर इस समय एक बड़ा आरोप लगते सामने आ रहा है।जिसमें बताया जा रहा है कि प्रभारी द्वारा वर्ग 10 वी के बच्चों से एडमिट कार्ड में ऑनलाइन खर्चा के बदले 50 रुपए से 100 रुपए तक वसूले गये है।यही बताया यह भी जा रहा है कि बीते शनिवार को पैसे के वगैर एडमिट कार्ड लेने आए स्कूली बच्चों को बैरंग वापस लौटना पड़ा था।बताया जा रहा है कि आज रविवार को ही एडमिट कार्ड दिया गया और 50 रुपए से लेकर 100 रुपए तक वसूले गये।मिली जानकारी के मुताबिक यह सभी वोकेशनल टीचर व कंप्यूटर टीचर के द्वारा निशुल्क दिया जाना है।यही नही बताया यह भी जा रहा है कि 12 वी के एससी/एसटी छात्रों से फॉर्म फिलीप के नाम पर 1260 रुपए वसूला गया है।मिली जानकारी के अनुसार 12 वी के एससी/एसटी छात्रों से फॉर्म फीलप के लिये 910 रुपए दिये जाने है।बताया जा रहा है स्कूली बच्चों को किसी प्रकार का स्लिप भी नही दिया गया है।उक्त बाते

# गैंगस्टर प्रिंस खान और आशीष रंजन को गिरफ्तार कराने वाले को मिलेंगे लाखों रुपए इनाम : धनबाद पुलिस

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

कुख्यात अपराधी गैंगस्टर प्रिंस खान और आशीष रंजन को गिरफ्तार कराने वाले की इनाम की राशि बढ़ा दी गई है।गैंगस्टर प्रिंस खान को गिरफ्तार कराने वाले को अब पांच लाख रुपए का इनाम स्वरूप दिया जाएगा।वहीं आशीष रंजन उर्फ छोटू के ऊपर भी इनाम की राशि बढ़ाकर चार लाख रुपए कर दी गई है। प्रिंस खान को पकड़वाने के लिए पहले पचास हजार रुपए इनाम रखा गया था।जबकि आशीष रंजन के ऊपर पांच हजार रुपए रखा गया था।

एसएसपी एचपी जनार्दनन ने जानकारी देते हुए बताया कि



ऑर्गनाइज्ड क्राइम धीरे धीरे यहां पनप रहा है।जिसमें दो गैंग सक्रिय है।जिसमें एक प्रिंस खान का गिरोह सक्रिय है,वहीं दूसरा जेल में कुख्यात अमन सिंह की हत्या के बाद उसका राइट हैंड आशीष सिंह उसका सम्राज्य चला रहा है।पुलिस लगातार दोनों के ऊपर कार्रवाई कर रही है।दोनों धनबाद से बहार रहकर अपना गिरोह चला रहा है।प्रिंस खान के ऊपर पांच लाख रुपए का इनाम रखा गया है।जबकि आशीष रंजन के ऊपर चार लाख रुपए इनाम की घोषणा की गई है।दोनों को पकड़ने के लिए जो भी लोग लगे हुए हैं,वह और अधिक मोटिवेट होंगे।जो भी इन्हें पकड़वाएंगे उन्हें पांच लाख और चार लाख की राशि दी जाएगी।

बताते चलें कि प्रिंस खान के खिलाफ बिहार और झारखंड के अलग अलग थानों में कुल 91 मामले दर्ज हैं।24 नवंबर 2021 की गैंगस्टर फहीम खान के करीबी जमीन कारोबारी नन्हे खान की हत्या हुई थी।इस दिन से प्रिंस खान फरार है।झारखंड पुलिस के आग्रह पर इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी कर चुका है।

हत्या ,जानलेवा हमला,रंगदारी जैसे संगीन मामलों में आशीष रंजन फरार चल रहा है।सरायढेला के जमीन कारोबारी समीर मंडल की हत्या में पहली बार आशीष जेल गया था।12 मई 2021 में सरफुल हसन उर्फ लाला की हत्या में भी उसका नाम सामने आया।धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह हत्या में भी आशीष आरोपी है।वीडियो वायरल कर उसने खुद अमन की हत्या की जिम्मेदारी ली थी।

# डुमरी विधायक जयराम महतो ने सड़क हादसे में मृत विवेक हाजरा के परिजनों को बंधाया ढांढस, मुआवजे की मांग

**राष्ट्र संवाददाता ,ओम प्रकाश शर्मा ,**

**धनबाद :** चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के चास अलकुशा निवासी विवेक कुमार हाजरा की बीती रात एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दुखद घटना की सूचना मिलते ही दुमरी विधायक जयराम महतो मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

विधायक महतो ने परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि सरकार को पीड़ित परिवार को मुआवजा देने



के साथ-साथ सड़क सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। घटनास्थल पर पहुंचे ग्रामीणों ने भी मृतक के परिवार को न्याय दिलाने की मांग उठाई। इस पर विधायक महतो ने स्थानीय प्रशासन से वार्ता की और पीड़ित परिवार को उचित सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

उन्होंने प्रशासन से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की अपील की और दुर्घटना संभावित इलाकों में यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया।

**परिजनों की मांग और विधायक का समर्थन**

विवेक हाजरा के परिजनों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और मुआवजा दिए जाने की मांग की। विधायक जयराम महतो ने भी इस मांग का समर्थन किया और कहा कि वे इस मामले को लेकर प्रशासन से लगातार संपर्क में हैं और न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस पूरे घटनाक्रम के बाद प्रशासन की सक्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोग क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर ठोस नीति बनाने की मांग कर रहे हैं।

# दुआ के साथ इज्तिमा का समापन जमातों के लौटने का सिलसिला शुरू

**जयराम कुमार दास। राष्ट्र संवाद**

**महागामा/गोड्डाः** महागामा प्रखंड के स्थित भांजपुर में तीन दिवसीय आलमी तब्लीगी इज्तिमा का रविवार को समापन हो गया। आखिरी दिन झारखंड बिहार बंगाल से आए लाखों लोगों ने हाथ उठाकर खुदा से अमनो-अमान की दुआ मांगी। प्रशासन का अनुमान है कि आखिरी दिन यहां करीब दो लाख श्रद्धालु पहुंचे। इसी के साथ यहां से जमातों की रवानगी का सिलसिला शुरू हुआ, जो शोमवार तक जारी रहेगा।

सामूहिक दुआ में शामिल होने के लिए लाखों धर्मावलंबियों की भीड़ के बीच आलम यह था कि जिसे जहां जगह मिली, उसने वहीं खड़े



रह कर नमाज अता की और दुआ पढ़ी। दुआ से पहले अपने बयान में मौलाना साद सहाब ने कहा कि अपने ईमान को कायम रखो। यकीन डगमगाने पर ही मुश्किलें बढ़ती हैं। जिंदगी गफलत में न गुजारें। इज्तिमा का मकसद लोगों को मजहब और इल्म की राह पर ले जाने का है। मौलाना साद साहब ने कहा कि दुआ सिर्फ अपने लिए नहीं, दुनिया के हर एक इंसान की बेहतरी के लिए करनी चाहिए।

ट्रैफिक बाधितः रविवार तड़के से ही इज्तिमा स्थल पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह 11 बजे तक इज्तिमा स्थल पूरी तरह भर चुका था। हजारों लोग तो इज्तिमा स्थल पर प्रवेश ही नहीं कर पाए। ग्रामीण और नौजवानों ने नौ बजे के बाद इज्तिमा स्थल से डेढ़ किलोमीटर पहले से ही वाहनों का प्रवेश रोक दिया था। करीब साढ़े 11 बजे दुआ समाप्त होने के बाद जब लोगों ने लौटना शुरू किया तो करीब एक घंटा तक तो पैदल चल रहे लोगों की ही भीड़ से सड़कें पटी रहीं। इसके बाद जब वाहनों को छोड़ा गया तो लोगों को चलने के लिए सड़कों पर भी जगह नहीं बची और उन्हें खेतों में से होकर गुजरना पड़ा। इज्तिमा के खत्म होने के आधा घंटे बाद ही यह स्थिति थी कि गाव की ओर आने वाले सभी रास्तों पर यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। ग्रामीणो ने पहले दो पहिया वाहनों को निकालने का मौका दिया। यह व्यवस्था कुछ देर ही कायम रह सकी और इसके बाद कार-जीप और निकलना भी शुरू हो गया। इस कारण कई स्थानों पर काफी देर तक यातायात अवरुद्ध रहा।

# जामताड़ा में मदरसा जामिया मिस्बाह लील बनात का भव्य सालाना कार्यक्रम, छात्र-छात्राओं ने दी धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ

**मदरसा जामिया मिस्बाह लील बनात में बालिका शिक्षा और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित हुआ ऐतिहासिक कार्यक्रम**

**जामताड़ा :** जामताड़ा जिले के प्रसिद्ध मदरसा जामिया मिस्बाह लील बनात पत्थरचपड़ा में रविवार एक भव्य सालाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें इलाके के हजारों लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना मोबिन कासमी




ने किया। इस अवसर पर मदरसे के छात्रों द्वारा विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख मुस्लिम धर्मगुरु, समाजसेवी, और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरूआत मदरसा के प्रमुख उस्ताद हाफिज मोहम्मद शमीम ने तिलावत-ए-कुरान से की, जिसके बाद बच्चों और युवाओं ने नात-ए-पाक और इस्लामी गीतों की प्रस्तुतियाँ दीं। मदरसे के छात्रों ने इस आयोजन में अपनी अद्भुत कला और कौशल का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित दर्शकों ने बहुत सराहा।मदरसा के संस्थापक एवं संयोजक मोहम्मद नाजिर ने अपने संबोधन में इस आयोजन के महत्व को बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल धार्मिक शिक्षा को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने मदरसे के छात्रों को उनके अच्छे कामों के लिए सराहा और उन्हें आगे भी इस तरह के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस दौरान एडवर्ड इंग्लिश स्कूल के हिन्दी शिक्षक डॉक्टर रहमतुल्लाह रहमत ने मदरसा प्रबंधन एवं विद्यालय की स्थापना, मेहनत और संघर्ष के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मदरसा में न केवल धार्मिक शिक्षा दी जाती है, बल्कि छात्रों को आधुनिक शिक्षा भी दी जाती है, ताकि वे समाज में एक सकारात्मक योगदान दे सकें। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री के प्रतिनिधि मोहम्मद अजहरुद्दीन ने मदरसा में बालिका शिक्षा एवं प्रस्तुत कार्यक्रम को सराहनीय कार्य बताया।

उन्होंने कहा कि मदरसा में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए सरकारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। कार्यक्रम के अंत में मदरसा के छात्रों ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया, जिससे उनका उत्साह और जोश देखने लायक था।

## संक्षिप्त खबरें

### सियारशुली सहित कई गांवो लगा विशेष कानूनी जागरूकता शिविर आयोजन




**राष्ट्र संवाद सं**

कुंडहित, प्रतिनिधि।
रविवार को दोपहर 2 बजे प्रखंड के सियालशुली सहित विभिन्न गांवों में जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के निदेर्शानुसार कानूनी जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार झालसा के निर्देश पर जिले भर में पारा लीगल वॉलिंटियरों के माध्यम से 90 दिवसीय विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। रविवार को आयोजित शिविरों के दौरान पीएलवी नादिया खां एंव गोपीनाथ घोष के द्वारा कुंडहित प्रखंड अंतर्गत सियारशुली शालदाहा एवं पांचकुडी गांव में उपस्थित ग्रामीणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाली निःशुल्क सहायता के साथ घरेलू हिंसा, बाल- विवाह, नशा मुक्ति,दहेज प्रथा रोकथाम के साथ साथ आधार कार्ड /राशन कार्ड/ दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही ग्रामीणों से अपनी समस्याओं के निदान के लिए डीएलएसए के सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। साथ ही पीएलवी ने कहा कि कानूनी सहायता मुफ्त में लेने के लिए 15100 पर कॉल कर सकते हैं। मौके पर संबंधित गांवो के काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### कमाटांड़ प्रखंड के कई गांवों में उगते सूर्य देव की भव्य पूजा, क्षेत्र हुआ भक्तिमय



**कमाटांड़ः** प्रखंड के कई गांवों में भगवान सूर्य देव की विशेष पूजा श्रद्धा और आस्था के साथ संपन्न हुई। यह अनूठी पूजा हिंदू धर्म में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है, जो लंबे अंतराल-करीब 10 से 20 वर्षों के बाद-आयोजित की जाती है। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है, जहां हजारों श्रद्धालु पूजा में शामिल होते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। पूजा की शुरूआत भक्तगणों द्वारा अपने घरों में सूर्य देव की पूजा से होती है। संध्या समय सभी श्रद्धालु तालाब जाते हैं और वहां सूर्य देव की विधिवत आराधना करते हैं। रात में विशेष अनुष्ठान होते हैं, जिसमें मंत्रोच्चारण और पूजा के बाद खीर का प्रसाद बनाया जाता है। अगले दिन सुबह होते ही वैदिक मंत्रों और धार्मिक विधानों के साथ सूर्य देव की महापूजा संपन्न की जाती है। इस पूजा की सबसे विशेष बात यह है कि इसमें सफेद बकरे की बलि दी जाती है, जिसे परंपरागत रूप से शुभ माना जाता है।

पूरे अनुष्ठान के दौरान सभी पुजारी और श्रद्धालु पूर्ण सात्त्विकता का पालन करते हैं। एक महीने तक चलने वाली इस पूजा के दौरान पुजारियों को निरामिष भोजन करना अनिवार्य होता है। इसके अलावा, इस पूजा में जो भी प्रसाद प्राप्त होता है, उसे आंगन में ही ग्रहण करना पड़ता है, क्योंकि इसे बाहर ले जाना अशुभ माना जाता है।

इस धार्मिक अनुष्ठान में आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु, नन्हे-मुन्ने बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल होते हैं। विभिन्न धार्मिक समितियां भी इस अवसर पर भाग लेती हैं और भक्तों के लिए प्रसाद वितरण का आयोजन करती हैं। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहता है, जहां भक्ति, आस्था और परंपराओं का संगम देखने को मिलता है।

### जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी की अध्यक्षता में प्रखंड मोमिन कांफ्रेंस की बैठक आयोजित



**रानीश्वर(दुमका)**

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

प्रखंड के लकड़ाघाटी गांव में रविवार को दुमका जिला मोमीन कॉन्फ्रेंस के बैनर तले प्रखंड मोमिन कांफ्रेंस की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश संगठन को मजबूत करने के लिए मोमिनो के साथ जन संवाद करना था। जिला अध्यक्ष शाहिद अंसारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया,जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता शमशाद अंसारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सर्व प्रथम इकाई को मजबूत कर शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में काम करते हुए देश के विकास के मुख्य धारा से जुड़े। इस बैठक में मुमताज अंसारी को संगठन की मजबूती के लिए विशेष प्रभार दिया गयो बैठक में जिला महासचिव शब्बीर अंसारी, मुजफर अंसारी, फहीमुद्दीन अंसारी हुसैन मियां जावेद अंसारी, जैनुद्दीन सेख, कुर्बान मियां, मुस्ताक आलम, सलामत अंसारी,साबिर अंसारी,शहादत मियां परवेज अंसारी आदि भरी संख्या में मोमिन उपस्थित रहे।

### बीडीओ ने किया विकास योजना का निरीक्षण,दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश

**कुंडहित (जामताड़ा):** रविवार को दोपहर1बजे प्रखंड विकास पदाधिकारी जमाले राजा ने अंबा एवं खाजूरी पंचायत में विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अम्बा एवं खाजुरी पंचायत में मनरेगा अंतर्गत संचालित योजना बिरसा हरित ग्राम बागवानी एवं अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास आदि का निरीक्षण किया गया ।जिसमें लाभुकों को ससमय आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया गया ।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद राय पंचतत्व में हुए विलीन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### भाजपा का ध्वज ओढ़ाकर सम्मानपूर्वक नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

### सांसद विद्युत महतो, जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत कई नेतागण अंतिम यात्रा में हुए शामिल





**जमशेदपुर।** जनसंघ काल से भारतीय जनता पार्टी को सींचने वाले एवं जमशेदपुर में भाजपा के आधार स्तंभ रहे वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद राय का रविवार को पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। भुइयांडीह स्थित स्वर्णरिखा बर्निंग घाट पर उनके बड़े पुत्र ब्रजेश राय ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार के दौरान पूरा माहौल गमगीन था जहां बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता एवं शुभचिंतक उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए।

अंतिम संस्कार से पूर्व स्व. सच्चिदानंद राय के पार्थिव शरीर को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय लाया गया, जहां उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर सम्मानपूर्वक पार्टी का ध्वज ओढ़ाकर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने ₹सच्चिदानंद राय अमर रहें₹ के नारों के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी।

वहीं, विजया गार्डन स्थित उनके आवास पर भी अंतिम दर्शन के लिए भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। उनके निधन से हर कोई शोकाकुल था और माहौल गमगीन था। उनके आवास पर भाजपा बारीडीह मंडल अध्यक्ष जीवन साहू समेत कई नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

सांसद विद्युत महतो ने सच्चिदानंद राय के निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में पूरी तन्मयता और समर्पित भाव से संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका निधन भाजपा परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है। जनसंघ काल से लेकर भाजपा के वर्तमान स्वरूप तक संगठन के विकास में उनकी भूमिका अविस्मरणीय रही।

उनके आदर्शों और समर्पण की भावना को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, पूर्व जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, अभय सिंह, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, गुँजन यादव, नीरज सिंह, अनिल सिंह, मनोज सिंह, मुकेश राय, पवन अग्रवाल, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, रेणु शर्मा, अनिल मोदी, विजय तिवारी, अखिल सिंह, बिनोद सिंह, संजीत चौरसिया, कौस्तव रॉय, उज्जवल सिंह, नीतीश कुशवाहा, मंजीत सिंह, बिनोद राय, पवन सिंह, चित्तरंजन वर्मा, दशरथ चौबे, अजय श्रीवास्तव, अमरजीत सिंह राजा, सोनू ठाकुर, काजू शांडिल, महेंद्र प्रसाद, साकेत कुमार समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सरयू राय ने सच्चिदानंद राय को दी श्रद्धांजलि

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने जनसंघ काल के कर्मठ भाजपा नेता सच्चिदानन्द राय के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सरयू राय ने उन्हें स्वाभिमानी एवं सिद्धांतनिष्ठ राजनीतिज्ञ के रूप में याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। स्वर्गीय सच्चिदानन्द राय को श्रद्धांजलि देने के लिए ही श्री राय विशेष तौर पर रविवार को रांची से जमशेदपुर आये थे।

वह स्वर्गीय राय के आवास पर गये और काफी देर वहां रहे। सरयू राय बर्निंग घाट भी गये, जहां सच्चिदानंद राय का अंतिम संस्कार हुआ।

## दम-खम से लड़ना है मानगो नगर निगम चुनाव:सरयू राय

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि आसन्न मानगो नगर निगम चुनाव दम-खम से लड़ना है। इसके लिए तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र की जनसुविधा समिति के प्रतिनिधियों के साथ अपने बिष्टुपुर स्थित आवास/कार्यालय में उन्होंने कहा कि जनसुविधा समिति के जिम्मेदार हर मंडल में तीन-चार लोगों की एक-एक समिति बनाएं और इसे मजबूत करें।

श्री राय ने मंडल प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं का संकलन करें और फिर कार्यालय में आकर उसे जमा करें। समस्याओं के प्रति ज्यादा सचेत रहें और प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा लोगों से मिल कर उसकी समाधान की दिशा में कदम उठाएं। बैठक में साफ-सफाई के संबंध में चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने उन्हें अवगत कराया कि मानगो-कदमा में जांच में निर्धारित संख्या से कम सफाईकर्मी पाये गये। उन्हें यह भी बताया गया कि सोनारी में भी साफ-सफाई की व्यवस्था सही नहीं है। इस संबंध में श्री राय ने कहा कि दो दिनों के भीतर पूरे क्षेत्र की साफ-सफाई से संबंधित समस्याओं का संकलन करें, कार्यालय में जमा करें और प्रशासन पर दबाव बनाएं ताकि साफ-सफाई सुचारू रुप से चलती रहे। उन्होंने यह भी कहा कि जो सफाईकर्मी मेहनत कर रहे हैं, उनसे मिलें और यह पता करें कि उनका पीएफ और ईसाआई जमा हो रहा है या नहीं। अगर हो रहा है तो कितनों का और नहीं हो रहा है तो उसका कारण पता करें।

श्री राय ने कहा कि कदमा और सोनारी के कंपनी और गैर कंपनी क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त हो एवं गैर कंपनी क्षेत्रों में जुस्को एवं जेएनएसी द्वारा सस्ता एवं सुलभ जनसुविधाएं उपलब्ध कराने की व्यवस्था हो

उन्होंने बताया कि तीन दिनों के बाद फिर से जनसुविधा प्रतिनिधियों की बैठक होगी और तब तक संकलित समस्याओं की समीक्षा कर उचित रणनीति बनाई जाएगी।

बैठक में मुकुल मिश्र, नीरज सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, पप्पू सिंह, अनुज चौधरी, संतोष भगत, पिंटू सिंह, विवेक पांडेय और सन्नी सिंह मौजूद रहे।

## सिदगोड़ा थानांतर्गत K2 क्वार्टर में चोरों ने दरवाजा का ताला काट कर बाइक ले उड़े




राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर में लगातार चोरी की घटना घट रही है ।वही बीती रात ओल्ड बारीडीह सिदगोड़ा थानांतर्गत K2क्वार्टर में बीती रात चोरों ने बाहर का दरवाजा का ताला काट कर बाइक ले उड़े। जहां अभी तक आधा दर्जन से ज्यादा मोटरसाइकिल की चोरी हो चुकी है ।ओल्ड बारीडीह सिदगोड़ा थानांतर्गत K2/6 फ्लैट के रहने वाले एसपी सिंह के घर के दरवाजा का ताला काट कर अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल उड़ा लिया है.हालांकि जब सुबह परिवार के लोग उठे तो देखें की बाइक नहीं है. वही आसपास के क्षेत्र में बाइक की खोजाई की लेकिन नहीं मिला.हालांकि इसकी सूचना थाना को दे दी गई है.वैसे जमशेदपुर में चोरी की वारदात आम हो गई है स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस के द्वारा रात में पेट्रोलिंग की जाती है लेकिन और पेट्रोलिंग की जरूरत है तभी इस तरह की चोरी घटना को रोक पाएंगे

## जमशेदपुर में 17वां जोकॉन कार्यशाला का आयोजन, ऑर्थोपेडिक क्षेत्र में नई तकनीकों पर हुई चर्चा

राष्ट्र संवाद संवाददाता




जमशेदपुर ऑर्थोपेडिक क्लब के द्वारा 17वां जोकॉन (खङ्ङ्ल्ल) कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के करीब डेढ़ सौ प्रमुख चिकित्सकों ने भाग लिया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ऑर्थोपेडिक के क्षेत्र में हो रही नई-नई तकनीकों और उपचार विधियों को साझा करना था। चिकित्सकों ने एक-दूसरे से अपने अनुभवों का आदान-प्रदान किया और नवीनतम तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विशेष रूप से जोड़ों की बीमारी, हड्डी के संक्रमण, और हड्डी की सर्जरी में आने वाली चुनौतियों पर विचार विमर्श हुआ।

कार्यशाला में शामिल विशेषज्ञों ने बताया कि ऑर्थोपेडिक के क्षेत्र में शोध और विकास के साथ-साथ नई तकनीकों का तेजी से विस्तार हो रहा है। इन तकनीकों का इस्तेमाल मरीजों के इलाज में मददगार साबित हो रहा है और इससे सर्जरी की सफलता दर में भी बढ़ोतरी हो रही है।झारखंड ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कार्यशाला के दौरान बताया कि इस प्रकार के आयोजन चिकित्सकों के ज्ञान को बढ़ाने के साथ-साथ चिकित्सा क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधानों और उपचार पद्धतियों को प्रोत्साहन देने में मदद करते हैं।

## बच्चों ने दिखाया कुश्ती में दम

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### स्वर्णरिखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और रानी एडवेंचर एंड वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में हुआ आयोजन

### जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने वितरित किये पुरस्कार





जमशेदपुर। स्वर्णरिखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट और रानी एडवेंचर एंड वेलफेयर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बारीडीह में रविवार को कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुश्ती प्रतियोगिता की शुरूआत जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने करवाई। इस अवसर पर रानी एडवेंचर एंड वेलफेयर ट्रस्ट के चेयरमैन सोमनाथ, 1984 में पॉवर लिफ्टिंग में भारत का ऑस्ट्रेलिया में प्रतिनिधित्व करने वाले महेश अग्रवाल, स्वर्णरिखा क्षेत्र विकास ट्रस्ट के ट्रस्टी अशोक गोयल आदि मौजूद रहे।

कुश्ती प्रतियोगिता में लड़कियों के 65 से 68 किलो ग्राम भार वर्ग में कुमकुम कुमारी प्रथम जबकि आयशा भारती दूसरे स्थान पर रहीं। 44 से 50 किलो ग्राम भार वर्ग बासो हांसदा प्रथम, नेहा मांझी दूसरे जबकि कुंती कुमारी तीसरे स्थान पर रही।

लड़कों के 35 से 42 किलो ग्राम भार वर्ग में रौनक पॉल प्रथम, मुकुल सिंह दूसरे और ओम प्रकाश तीसरे स्थान पर रहे। 46 से 50 किलो ग्राम भार वर्ग में अनिकेल हांसदा प्रथम रहे जबकि नितेश कुमार पह दूसरे और साहिल सिंह तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार, 60 से 65 किलोग्राम भार वर्ग में अंशु कुमार प्रथम स्थान पर रहे जबकि दूसरे स्थान पर राज यादव और तीसरे स्थान पर अनूप दास रहे। 66 से 68 किलोग्राम भार वर्ग में आर्यन प्रथम स्थान पर रहे जबकि ब्रजराज सिंह दूसरे और भैरव कुमार तीसरे स्थान पर रहे।

55 से 58 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान पर गगन चौबे रहे जबकि दिनेश सिंह मुंडा दूसरे और उज्जवल शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। 107 किलो ग्राम वर्ग भार में आदित्य पांडेय प्रथम रहे। 76 किलोग्राम भार वर्ग में पी. सोमेश प्रथम स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को सरयू राय ने पुरस्कृत किया।

कोच के रुप में सुरेश नारायण चौधरी, संतोष कुमार चौबे, गौतम कुमार महतो, अउशा कुमारी और जोगेंद्र ठाकुर मौजूद थे। मंच संचालन अशोक कुमार ने किया। इस मौके पर सुबोध श्रीवास्तव, सुधीर सिंह, प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नैक टीम का निरीक्षण पूरा

राष्ट्र संवाद संवाददाता





रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शुक्रवार 7 फरवरी से शुरू नैक टीम का निरीक्षण कार्य शनिवार 8 फरवरी को संपन्न हुआ। नैक टीम में अध्यक्ष के रूप में एमडीएस विश्वविद्यालय अजमेर राजस्थान के वाइस चांसलर डॉक्टर अनिल शुक्ला शामिल थे और साथ ही मेंबर सेक्रेटरी के रूप में डॉक्टर जी आर अंगदी कर्नाटक से और मेंबर के रूप में डॉक्टर के सुधाकर करूनानन जी तमिलनाडु से थे।

महाविद्यालय सभागार में प्राचार्या डॉ कल्याणी कबीर ने पीपीटी के माध्यम से कॉलेज से जुड़ी एकेडमिक , आउटरीच कार्यक्रमों के साथ-साथ अन्य सभी गतिविधियों की जानकारी दी ।

आइक्यूएसी इंचार्ज डॉ गंगा भोल ने भी पीपीटी के माध्यम से शैक्षणिक गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा दिया ।

वर्तमान विद्यार्थियों , भूतपूर्व विद्यार्थियों, अभिभावकों और फाइनेंस विभाग के साथ भी नैक टीम की एक बैठक हुई । नैक टीम ने पूरे महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण कर भौतिक सुख सुविधाओं का अवलोकन किया। अगले दिन टीम उन विद्यालयों के निरीक्षण पर भी गई जहाँ कॉलेज के विद्यार्थी इंटर्नशिप में गए हुए थे। महाविद्यालय के अध्यक्ष राम बचन, सचिव गौरव बचन, कोल्हान विश्वविद्यालय के सीवीसी डॉ संजीव आनंद और कोल्हान विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी समन्वयक डॉ संजय गोराई के साथ भी नैक टीम की औपचारिक भेंट हुई।

नैक पीयर टीम के चेयरमैन डॉ अनिल शुक्ला जी ने कहा कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण और संतुलित विकास तभी संभव है जब हम शिक्षा और सीख को जीवन में और व्यवहार में भी उतारें।

नैक टीम ने महाविद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं , अभिभावक, गैर शिक्षण कर्मचारियों, पुस्तकालय प्रमुख और सभी सहायक स्टॉफ के साथ अलग-अलग बैठक कर उनका मार्गदर्शन किया ।

रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्र छात्राओं ने झारखंड के पारंपरिक प्रथा के अनुसार नैक टीम का स्वागत अभिनंदन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सभी प्रदेशों के नृत्य प्रस्तुति के साथ साथ भगवान बिरसा की जीवनी पर आधारित नाटिका का प्रभावशाली मंचन भी किया।

## जमशेदपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई ,तड़ीपार कुख्यात अपराधी सलमान गिरफ्तार

राष्ट्र संवाद संवाददाता




सीतारामडेरा थाना पुलिस ने कुख्यात तड़ीपार अपराधी सलमान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सलमान किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए शहर में आया हुआ है और फिलहाल अपने भालूबाशा स्थित आवास पर मौजूद है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए तीन थाना पुलिस की टीम ने उसके घर पर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया।

, सलमान अपने घर में स्नान करने गया था, तभी पहले से घात लगाए पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। उसकी गिरफ्तारी के दौरान किसी तरह की झड़प या भागने की कोशिश नहीं हुई। पुलिस पहले से सतर्क थी और पूरी योजना के साथ इस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया।

गिरफ्तारी के बाद सलमान की मां ने कहा कि उनका बेटा तड़ीपार है और वह कभी कोलकाता, कभी दिल्ली, कभी पटना और अब रांची में रहता था। पुलिस की नजरों से बचने के लिए वह लगातार अपने ठिकाने बदलता रहता था।

सलमान पर हत्या, रंगदारी और गोलीबारी जैसे कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह पहले भी कई बार जेल जा चुका है और हाल ही में उसे तड़ीपार किया गया था, लेकिन उसने दोबारा शहर में आकर अपने नेटवर्क को मजबूत करने की कोशिश की।

इस मामले में जब थाना प्रभारी से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और बचते नजर आए। पुलिस की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है-क्या सलमान की गिरफ्तारी के पीछे कोई बड़ी साजिश है? क्या वह किसी बड़े अपराध की योजना बना रहा था?

फिलहाल, पुलिस उससे गहन पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसके संपर्क किन-किन अपराधियों से हैं। आने वाले दिनों में इस गिरफ्तारी से कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### सोनारी में लहरी समाज के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन




राष्ट्र संवाद संवाददाता

जमशेदपुर के सोनारी में लहरी समाज के द्वारा सम्मान समाहरोह का आयोजन किया गया, जहां खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के युवाओं को सम्मानित किया गया

-कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने शिरकत की,पिछले महीने ओड़िसा में क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया था जिसमे 16 टीमो ने भाग लिया,इसमे जमशेदपुर लहरी समाज के युवाओं ने अपना परचम लहराया ओर टूनार्मेंट का खिताब अपने नाम किया, सम्मान समारोह में शामिल अतिथियों ने विजेता युवाओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल के साथ-साथ युवाओं को हर क्षेत्र में आज आगे बढ़ाने की जरूरत है, नशे से दूर होकर एक लक्ष्य लेकर जीवन जीने की जरूरत है

### दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा तो आ गई क्या वादे पूरा कर पाएगी : सुधीर कुमार पप्पू

राष्ट्र संवाद संवाददाता



**जमशेदपुर।** आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली प्रदेश विधानसभा चुनाव में पराजित कर सत्ता पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस पार्टी बहुत पहले ही अरविंद केजरीवाल को पहचान लिया था यह भाजपा की बी डिवीजन टीम है।समाजवादी चिंतक और शहर अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने दिल्ली के चुनाव परिणाम के बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बातें कही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के और मनमोहन सरकार के खिलाफ भाजपा के फंडिंग से अन्ना हजारे रामदेव बाबा केजरीवाल किरण बेदी बीके सिंह आदि ने आंदोलन चलाया था और इसका असर भी हुआ मनमोहन सरकार चली गई। उसके बाद ही केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी नाम से राजनीतिक दल बनाया और गुपचुप से भाजपा से मदद लेकर कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते रहा। इसकी जानकारी कांग्रेस नेतृत्व को भी था और दिल्ली के जाने-माने पत्रकार भी यह बात जानते थे। जैसे ही भाजपा को लगा कि मेरी बिल्ली मेरे को ही म्याऊं म्याऊं इसीलिए कहा जा रहा है इस बार दिल्ली प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की टीम ने अपने बी टीम को हरा दिया।

### जो श्रेय को अपनाते हैं न केवल अपनी आत्मा को शुद्ध करते हैं, बल्कि समाज और सम्पूर्ण मानवता के लिए भी एक सशक्त योगदान देते हैं




राष्ट्र संवाद संवाददाता

**जमशेदपुरः** आनन्द मार्ग प्रचारक संघ का तीन दिवसीय प्रथम संभागीय सेमिनार आनंद मार्ग जागृति गदरा में सेमिनार के तीसरे दिन आचार्य नभातीतानंद अवधूत ₹श्रेय और प्रेय₹ विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा किः ह्लश्रेय और प्रेय ₹ मानव जीवन के दो प्रमुख पहलू हैं जो हमारे विचार, कार्य और जीवन की दिशा को निर्धारित करते हैं। श्रेय वह मार्ग है, जो हमें आत्मिक उत्थान और अनन्त सुख की ओर जाता है, जबकि प्रेय वह है जो तात्कालिक सुख और भौतिक लाभ प्रदान करता है, लेकिन इससे आत्मिक संतोष या स्थायी सुख की प्राप्ति नहीं होती।

श्रेय का अनुसरण करने वाला व्यक्ति अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्य को पहचानता है और यात्रा पथ को एक उच्चतर उद्देश्य की दिशा में समर्पित करता है।

### फाइलेरिया रोधी अभियान मास ड्रग एडिमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) में भागीदारी करें, दवाइयों का सेवन करें, ताकि फलेरिया को जड़ से समाप्त किया जा सके:- उपायुक्त

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पूर्वी सिंहभूम जिले में 10 फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू होगा। मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के तहत लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। अभियान के तहत नोडल विभाग के रूप में स्वास्थ्य विभाग सभी विभागों के सहयोग से अभियान को संचालित किया जाएगा। स्कूलों में बच्चों को मिड डे मील के बाद दवा दी जाएगी। शिक्षा, पंचायती राज, समेकित बाल विकास, समाज कल्याण, आपूर्ति सहित अन्य विभाग स्वास्थ्य विभाग को सहयोग करेंगे। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा प्रखंडों में दवा की उपलब्ध करा दी गई है। उपायुक्त के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर जिला समन्वय समिति की बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

### ऑल इंडिया न्यूज पेपर एसोसिएशन झारखण्ड प्रांत का वनभोज संपन्न



राष्ट्र संवाद संवाददाता

ऑल इंडिया न्यूज पेपर एसोसिएशन झारखण्ड प्रांत का वनभोज कार्यक्रम थीम पार्क टेल्को, जमशेदपुर, झारखंड में धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के वितरक भाइयों के लिए विभिन्न प्रकार के व्यंजन के अलावे अन्य तरह का आयोजन भी रखा गया था इस कार्यक्रम में शामिल होकर सभी वितरक भाई बहुत खुश हुए इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि समाजसेवी एवं जलपुरुष के नाम से प्रसिद्ध श्री राजकुमार सिंह थे जिन्होंने अपने सम्बोधन में कहा की वे अब आगे से जमशेदपुर के वितरक साथियो के सहयोग के लिए हर हमेसा तैयार रहेंगे उनके सौजन्य से आज वितरक भाइयों में उच्च क्वालिटी की विनचिटर का वितरण किया गया ये पूरा कार्यक्रम ऑल इंडिया न्यूज पेपर एशोसिएशन के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह समाजसेवी ठाकुर मुकेश सिंह की देख रेख में सम्पन्न हुई कार्यक्रम को सफल बनाने में अजित सिंह ( टिक्कू ), वीरू पांडे, नीरज सिंह ( राघो ) सुरेंद्र सिंह पिंटू,शिव शंकर सिंह, रवि शंकर सिंह, मजोज कपूर, कपूर, प्रमोद कपूर और अन्य लोगो का प्रमुख योगदान रहा

## संपादक की कलम से

# आखिर 'आप' कब तक झूठ के सहारे सत्ता में रहती ?

देवानंद सिंह




दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के परिणामों में जिस तरह आम आदमी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा, वह भारतीय राजनीति में इस बात की गवाही का प्रतीक है कि आप लंबे समय तक झूठ के सहारे सत्ता पर नहीं बने रह सकते हैं, क्योंकि परिवर्तन राजनीति और लोकतंत्र का हिस्सा होता है।

बीजेपी ने 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी की है, जो आम आदमी पार्टी पिछले 10 वर्षों से सत्ता में थी, इस बार 22 सीटों पर सिमट कर रह गई, लेकिन इस चुनाव में हार-जीत का सबसे बड़ा फैक्टर कांग्रेस रही, कांग्रेस पिछले चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी, इस बार भी भले ही एक भी सीट नहीं जीत पाई, लेकिन पार्टी के वोट प्रतिशत में सुधार आया और वह अपनी पुरानी खोई हुई जमीन को फिर से हासिल करने की कोशिश करती दिखी। इससे बड़ी बात यह है कि आम आदमी को हारने में कांग्रेस ने ही सबसे बड़ी भूमिका अदा की।

इस चुनाव में बीजेपी ने 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में 48 सीटों पर जीत हासिल की, जो उसकी ऐतिहासिक वापसी का प्रतीक है। बीजेपी को कुल 45.56 प्रतिशत वोट मिले, जो इस बात का संकेत है कि पार्टी ने दिल्ली के मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ मजबूत बनाई है। बीजेपी की सफलता का मुख्य कारण उसके उम्मीदवारों द्वारा स्थानीय मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना और दिल्ली के मतदाताओं में अपनी छवि को फिर से स्थापित करना था। इसके साथ ही, पार्टी ने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच चल रहे राजनीतिक संघर्ष का फायदा उठाया। बीजेपी ने अपनी चुनावी रणनीतियों में मजबूत नेतृत्व, विकास और सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी, जो दिल्ली के अधिकांश मतदाताओं को आकर्षित करने में सफल रही।

आम आदमी पार्टी दिल्ली में पिछले दो चुनावों से सत्ता में थी, इस बार केवल 22 सीटों पर सिमट कर रह गई। पार्टी को 43.57 प्रतिशत वोट मिले, हालांकि यह बात यह दशार्ती है कि दिल्ली के मतदाता पार्टी के कामकाज से संतुष्ट थे, लेकिन उनकी उम्मीदें अधिक थीं। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने दिल्ली के विकास के मुद्दों पर जोर दिया था, लेकिन वह बीजेपी के मुकाबले इस मुद्दे को सही तरीके से प्रस्तुत नहीं कर पाई। पार्टी के अंदर के मतभेद और नेतृत्व की ओर से सही दिशा में काम न करने की वजह से उसे हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पार्टी के लिए कांग्रेस के साथ दिल्ली में चुनाव नहीं लड़ने का फैसला भी भारी पड़ा, क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे पर तीखे आरोप-प्रत्यारोप किए थे, जिससे मतदाता भ्रमित हो गए थे। कांग्रेस की इस चुनाव में भूमिका काफी दिलचस्प रही।

पार्टी ने 6.34 प्रतिशत वोट हासिल किए, जो 2020 के चुनाव में प्राप्त 4.63 प्रतिशत वोट से बेहतर था। हालांकि, कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई, लेकिन पार्टी के वोटों का योगदान कहीं न कहीं आम आदमी पार्टी के नुकसान का कारण बना। कई सीटों पर कांग्रेस के वोटों का अंतर आम आदमी पार्टी की हार के अंतर से कम था। यदि, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मिलकर चुनाव लड़ते तो परिणाम शायद अलग हो सकते थे।

कांग्रेस के अंदर एक लंबा विचार विमर्श चल रहा है कि आगामी चुनावों में पार्टी को अपनी रणनीति बदलनी होगी। पार्टी के नेताओं ने चुनाव परिणामों के बाद इस बात की ओर इशारा किया है कि इंडिया गठबंधन की एकता में कमी की वजह से यह हार हुई है। शिवसेना नेता संजय राउत और कम्युनिस्ट पार्टी के डी राजा ने भी इसे गठबंधन की कमजोरी माना और कहा कि अगर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी साथ आते तो बीजेपी की हार तय थी। कांग्रेस को अब यह समझना होगा कि केवल विरोधी दलों के खिलाफ रणनीति बनाने से कोई बड़ा परिवर्तन नहीं आएगा, बल्कि उसे खुद को नए सिरे से संगठित करना होगा।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच का संघर्ष बहुत अहम साबित हुआ। दोनों पार्टियों के बीच गहरे मतभेद थे, जिसके कारण इन दोनों के बीच गठबंधन नहीं हो सका। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान एक-दूसरे पर हमला बोला, जो अंततः उनके लिए नकारात्मक साबित हुआ। यदि, इन दोनों पार्टियों ने चुनाव साथ मिलकर लड़ा होता तो यह संभव था कि बीजेपी की जीत की राह आसान नहीं होती।

कुछ सीटों पर तो कांग्रेस के उम्मीदवारों ने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवारों की हार में अहम भूमिका निभाई। उदाहरण के लिए, जंगपुरा सीट पर आम आदमी पार्टी के मनीष सिसोदिया को हार का सामना करना पड़ा और कांग्रेस के उम्मीदवार फरहाद सूरी के वोटों ने सिसोदिया की हार में बड़ा योगदान दिया। इसी प्रकार, अन्य कई सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवारों के वोट आम आदमी पार्टी के लिए नुकसानदायक साबित हुए।

बीजेपी ने इस चुनाव में अपनी रणनीति को सही तरीके से लागू किया और विरोधियों की कमजोरियों का फायदा उठाया। पार्टी ने दिल्ली के विकास, कानून व्यवस्था और सुरक्षा जैसे मुद्दों को प्रमुख रूप से उठाया और यही उसके लिए सफल साबित हुआ। इसके अलावा, बीजेपी ने इस बार कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच के विभाजन को भुनाया और उन्हें एकजुट न होने का खामियाजा भी उन्हें भुगतना पड़ा। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी को अब यह समझना होगा कि अगर उन्हें दिल्ली में बीजेपी के खिलाफ अपनी लड़ाई जीतनी है तो उन्हें एकजुट होकर मैदान में उतरना होगा। दिल्ली के मतदाता अब यह समझने लगे हैं कि पार्टी के अंदर एकता और साझेदारी ही बदलाव ला सकती है। अगर, दोनों पार्टियां अपनी सियासी नीतियों में बदलाव नहीं करतीं तो बीजेपी की सत्ता में वापसी रोकना मुश्किल हो सकता है।

कुल मिलाकर, दिल्ली विधानसभा चुनावों के परिणाम यह दशार्ते हैं कि बीजेपी की रणनीति, नेतृत्व और चुनावी मुद्दों को प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने में सफलता मिली। वहीं, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की कमजोर रणनीतियों ने उन्हें इस बार सत्ता से दूर कर दिया। यदि, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी भविष्य में एकजुट होकर चुनावी मैदान में उतरती हैं, तो बीजेपी के लिए चुनौती बढ़ सकती है।

आने वाले समय में दिल्ली की राजनीति में यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या दोनों दलों के नेता अपनी रणनीति में सुधार करेंगे और दिल्ली की राजनीति में बदलाव ला पाएंगे।



# भारत के घरेलू कामगार: क्यों है दरकिनार?

डॉ. सत्यवान सौरभ



**घरेलू काम को सामाजिक रूप से महत्त्व दिया जाए और उचित पारिश्रमिक दिया जाए, कानून में सम्मानजनक कार्य स्थितियों की भी आवश्यकता हो सकती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना जैसे कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए, घरेलू कामगारों के लिए एक विशिष्ट कानूनी ढांचा बनाया जाना चाहिए। इससे कार्यस्थल पर बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी, न्यूनतम वेतन लागू होगा और आवश्यक सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। शक्ति असमानताओं के समाधान, काम करने की स्थितियों में सुधार और अंततः उनकी आर्थिक स्थिरता और मानवीय गरिमा की उन्नति के माध्यम से, यह कानून घरेलू कामगारों को सशक्त बनाएगा।**

भारत में, घरेलू कामगारों में से अधिकांश महिलाएँ हैं, जो असंगठित श्रम शक्ति का एक बड़ा हिस्सा हैं। हाल के अनुमानों के अनुसार, घरेलू कामगारों की संख्या आधिकारिक अनुमानों 4.2 मिलियन से लेकर अनौपचारिक अनुमानों 50 मिलियन से अधिक तक भिन्न है। जनवरी 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू कामगारों के व्यापक शोषण और उनके लिए कानूनी सुरक्षा की कमी की ओर ध्यान आकर्षित किया और केंद्र सरकार को उनके अधिकारों की रक्षा के लिए एक अलग कानून पारित करने की संभावना की जाँच करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को घरेलू कामगारों के लिए एक अलग कानून बनाने का आदेश दिया। न्यूनतम मजदूरी अधिनियम और समान पारिश्रमिक अधिनियम, अन्य श्रम कानूनों के अलावा, घरेलू कामगारों पर लागू नहीं होते हैं। एक अलग कानून संगठित विनियमन की पेशकश कर सकता है। क्योंकि कोई आधिकारिक ढांचा नहीं है, घरेलू कामगार अक्सर बिना किसी निर्धारित वेतन के काम करते हैं और मनमाने व्यवहार के अधीन होते हैं।

नियोक्ता अपने घरों को ₹कार्यस्थल₹ या खुद को ₹नियोक्ता₹ नहीं मानते हैं, जिससे घरेलू काम मुख्य रूप से अनौपचारिक और अनियमित हो जाता है। चूँकि उनके काम आधिकारिक रूप से दर्ज नहीं हैं, इसलिए श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा या न्यूनतम मजदूरी जैसे बुनियादी अधिकार नहीं दिए जा सकते हैं। घरेलू काम में नियोजित लोगों में अब महिलाएँ सबसे ज्यादा हैं, जिसे समाज में नारीकृत और कम आंका जाता है। लिंग के आधार पर इस असमानता को एक विशेष कानून द्वारा सम्बोधित किया जा सकता है। सामाजिक अवमूल्यन के कारण, महिलाओं को अक्सर पुरुषों की तुलना में घरेलू काम के लिए कम भुगतान किया जाता है। घरेलू काम की स्थितियाँ क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग होती हैं। एक प्रतिबद्ध कानून क्षेत्रीय मुद्दों और समाधानों को ध्यान में रख सकता है। केरल और दिल्ली में विनियमों ने विभिन्न तरीकों से मजदूरी दरों और रोजगार पंजीकरण जैसे क्षेत्रीय मुद्दों को सम्बोधित करने का प्रयास किया है। श्रमिकों के अधिकारों को बनाए रखने और उल्लंघन की स्थिति में कानूनी सहारा देने के लिए स्पष्ट प्रक्रियाएँ एक अलग कानून द्वारा अनिवार्य की जा सकती हैं।

रोजगार के दस्तावेजों के बिना, घरेलू कामगारों को अपना वेतन प्राप्त करना मुश्किल हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप शोषण हो सकता है। कम वेतन के माध्यम से भारत में घरेलू कामगारों का शोषण उनकी चुनौतियों में से एक है। घरेलू कामगारों को अक्सर जो कम वेतन मिलता है, वह उनके द्वारा किए जाने वाले श्रम की मात्रा के लिए अपर्याप्त होता है। न्यूनतम मजदूरी विनियमन की अनुपस्थिति इस समस्या को और भी बदतर बना देती है। मुंबई के घरेलू कामगारों को लंबे कार्यदिवसों के बावजूद अपने बुनियादी जीवन-यापन के खर्चों को पूरा करने में संघर्ष करना पड़ सकता है, अगर उनका वेतन न्यूनतम वेतन से कम हो जाता है। उत्पीड़न या अनुचित व्यवहार से कानूनी सुरक्षा की कमी के कारण, घरेलू कामगार विशेष रूप से दुर्व्यवहार के लिए अतिसंवेदनशील होते हैं। दिल्ली के कर्मचारी को शारीरिक या मौखिक दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन चूंकि कोई औपचारिक अनुबंध नहीं है, इसलिए उन्हें कोई कानूनी सुरक्षा नहीं है।

चूंकि घरेलू काम निजी घरों में किया जाता है, इसलिए नियम और जटिल हो जाते हैं और नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच शक्ति का अंतर बढ़ जाता है। चूंकि कर्मचारियों को अक्सर चेतावनी के बिना छोड़ दिया जाता है, इसलिए इनकी नौकरी की सुरक्षा का अभाव है, जो वित्तीय अस्थिरता को बढ़ाता है। सेवा के वर्षों के बाद, किसी कर्मचारी को अचानक बिना वेतन के निकाल दिया जा सकता है, जिससे उन्हें वित्तीय सहायता या कानूनी विकल्प नहीं मिलते। चूंकि घरेलू काम को ₹महिलाओं के काम₹ के रूप में सामाजिक रूप से कम आंका जाता है और अक्सर हाशिए के समुदायों से जोड़ा जाता है, इसलिए यह श्रमिकों को आवाजहीन और अदृश्य बना देता है। ग्रामीण प्रवासी महिलाओं को सामाजिक कलंक का सामना करना पड़ सकता है और उन्हें कानूनी कर्मचारी के रूप में स्वीकार किए जाने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है। एक विशिष्ट कानूनी ढांचा कमजोरियों से निपटने में मदद कर सकता है।

एक विशिष्ट कानून न्यूनतम मजदूरी निर्धारित कर सकता है, यह गारंटी देते हुए कि श्रमिकों को उनके काम के घंटों और कर्तव्यों के अनुरूप उचित मुआवजा मिले।

एक राष्ट्रीय कानून सभी राज्यों में श्रमिकों के लिए एक समान न्यूनतम मजदूरी स्थापित कर सकता है, यह गारंटी देते हुए कि खाना पकाने, सफाई करने और देखभाल करने से जुड़े कामों का लगातार भुगतान किया जाता है। शिकायतों के समाधान की प्रक्रियाओं के साथ, एक अच्छी तरह से परिभाषित कानूनी ढाँचा कर्मचारियों को उत्पीड़न और दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा। शोषण को रोकने और दुर्व्यवहार का विरोध करने के लिए श्रमिकों को कानूनी आधार प्रदान करने के लिए कानून रोजगार अनुबंधों को अनिवार्य बना सकता है। एक राष्ट्रीय ढाँचा स्वास्थ्य बीमा, पेंशन और अन्य सामाजिक लाभ प्रदान करके श्रमिकों की वित्तीय और स्वास्थ्य सुरक्षा में सुधार कर सकता है। केरल के श्रमिकों को वर्तमान में कुछ लाभ मिलते हैं, लेकिन राष्ट्रीय कानून भारत में सभी घरेलू श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा तक निरंतर पहुँच की गारंटी दे सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि दोनों पक्ष अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जानते हैं और शोषण को रोकने के लिए, एक कानून नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों को पंजीकृत करने की आवश्यकता हो सकती है।

घरेलू श्रमिकों का प्रतिनिधित्व करने वाले संघों ने समाप्ति को रोकने और आवश्यकता पड़ने पर कानूनी सहायता प्रदान करने के तरीके के रूप में पंजीकरण पर जोर दिया है। घरेलू कामगारों की सामाजिक मान्यता को बढ़ाते हुए, घरेलू कामगारों और देखभाल को एक विशिष्ट कानूनी ढाँचे द्वारा महत्त्व दिया जा सकता है और स्वीकार किया जा सकता है। यह सुनिश्चित करने के अलावा कि घरेलू काम को सामाजिक रूप से महत्त्व दिया जाए और उचित पारिश्रमिक दिया जाए, कानून में सम्मानजनक कार्य स्थितियों की भी आवश्यकता हो सकती है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना और प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना जैसे कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए, घरेलू कामगारों के लिए एक विशिष्ट कानूनी ढांचा बनाया जाना चाहिए। इससे कार्यस्थल पर बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी, न्यूनतम वेतन लागू होगा और आवश्यक सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। शक्ति असमानताओं के समाधान, काम करने की स्थितियों में सुधार और अंततः उनकी आर्थिक स्थिरता और मानवीय गरिमा की उन्नति के माध्यम से, यह कानून घरेलू कामगारों को सशक्त बनाएगा।

# दिल्ली में भाजपा की जीत और आप की हार के सियासी मायने

कमलेश पांडेय

**2010 के दशक के शुरूआती सालों में पूर्व नौकरशाह अरविंद केजरीवाल समेत 'आप' के कतिपय प्रमुख नेताओं के द्वारा लोकप्रिय समाजसेवी अन्ना हजारे को आगे करके 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' नामक एनजीओ के तत्वावधान में कांग्रेस की तत्कालीन डबल इंजन सरकार यानी मनमोहन सिंह सरकार और शीला दीक्षित सरकार के खिलाफ जो भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम चलाई गई, उससे 2013 में दिल्ली में 15 वर्षों से सत्तारूढ़ शीला दीक्षित सरकार और 2014 में केंद्र में 10 वर्षों से सत्तारूढ़ मनमोहन सिंह सरकार का सफाया हो गया था। एनजीओ के बैनर तले शुरू हुए इस आंदोलन की देशव्यापी लोकप्रियता से उत्साहित समाजसेवियों ने आम आदमी पार्टी यानी 'आप' का गठन कर दिल्ली विधानसभा चुनाव में दावेदारी पेश की।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में विगत 12 वर्षों से सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी यानी 'आप' की हार और प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा की जीत के सियासी मायने दिलचस्प हैं। इसके राजनीतिक असर भी दूरगामी होंगे। क्योंकि एक तरफ जहां भाजपा की जीत से केंद्र में सत्तारूढ़ 'एनडीए' की एकजुटता मजबूत होगी, वहीं देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन में बिखराव को बढ़ावा मिलेगा। ऐसा इसलिए कि इंडिया गठबंधन की अगुवा पार्टी कांग्रेस ने दिल्ली में अपने पूर्व गठबंधन सहयोगी 'आप', जो दिल्ली में लंबे समय से सत्तारूढ़ थी, उसे हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे कांग्रेस ने आप से जहां अपना पुराना सियासी हिसाब बराबर कर लिया, वहीं अपनी खोई राजनीतिक जमीन हासिल करने की दिशा में कदम बढ़ाए। अब उसमें इस बात की भी उम्मीद जगी है कि 2030 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में जब भाजपा से उसका सीधा मुकाबला होगा तो उसकी स्थिति और मजबूत होगी और उसका खोया जनाधार लौट जाएगा।

2010 के दशक के शुरूआती सालों में पूर्व नौकरशाह अरविंद केजरीवाल समेत 'आप' के कतिपय प्रमुख नेताओं के द्वारा लोकप्रिय समाजसेवी अन्ना हजारे को आगे करके 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' नामक एनजीओ के तत्वावधान में कांग्रेस की तत्कालीन डबल इंजन सरकार यानी मनमोहन सिंह सरकार और शीला दीक्षित सरकार के खिलाफ जो भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम चलाई गई, उससे 2013 में दिल्ली में 15 वर्षों से सत्तारूढ़ शीला दीक्षित सरकार और 2014 में केंद्र में 10 वर्षों से सत्तारूढ़ मनमोहन सिंह सरकार का सफाया हो गया था। एनजीओ के बैनर तले शुरू हुए इस आंदोलन की देशव्यापी लोकप्रियता से उत्साहित समाजसेवियों ने आम आदमी पार्टी यानी 'आप' का गठन कर दिल्ली विधानसभा चुनाव में दावेदारी पेश की। तब तक अन्ना हजारे की आड़ में अरविंद केजरीवाल ने अपनी सामाजिक आभा इतनी चमका ली थी कि उनकी नवगठित पार्टी 'आप' ने कांग्रेस की पूरी और भाजपा की कुछ-कुछ राजनीतिक जमीन हड़प ली।

यदि गौर किया जाए तो 2013 में जब आप ने धर्मनिरपेक्षता की आड़ में उसी कांग्रेस के सहयोग से भाजपा विरोधी गठबंधन सरकार का गठन किया, जिसका विरोध करके वह चुनाव जीती थी और त्रिशंकु विधानसभा की नौबत आई थी। कांग्रेस की इस एक मात्र भूल ने 2015 के मध्यावधि चुनाव में जहां उसका सफाया कर दिया, वहीं आप की ओर मुस्लिम मतदाताओं के बढ़े रुझान से उसे रिकॉर्ड जीत मिली। क्योंकि भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति देने के नाम पर दलितों, पिछड़ों और सवर्णों के अलावा पूर्वांचलियों और पहाड़ियों के साथ-साथ दिल्ली के पंजाबियों-बनियों ने भी आप का साथ दिया। इससे भाजपा भी भौंचक्की रह गई, क्योंकि 2014 में ही उसने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश फतह किया था।

वहीं, 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी आप की लोकप्रियता थोड़ी कम हुई, लेकिन भाजपा और कांग्रेस के मुकाबले काफी ज्यादा रही। इसके बाद जब आप ने पंजाब में कांग्रेस को, दिल्ली नगर निगम चुनाव में भाजपा को जबरदस्त शिकस्त दी तो कांग्रेस किंकर्तव्यविमूढ़, लेकिन भाजपा चौकन्नी हो गई। क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने यूपी, गोवा, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में भी अपने पांव पसारने शुरू कर दिए। उन्होंने 2023 में आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा भी दिलवा दिया। कांग्रेस, भाजपा और जनता पार्टी/जनता दल जैसी राष्ट्रीय पार्टियों के बाद आप एक ऐसी पहली क्षेत्रीय पार्टी बनी जिसने एक के बाद दूसरे राज्य यानी दिल्ली के बाद पंजाब में भी अपनी पूर्ण बहुमत वाली सरकार बना ली।

इससे दूरदर्शी भाजपा नेतृत्व सजग हो गया। अरविंद केजरीवाल हर बात में उपराज्यपाल और प्रधानमंत्री को निशाना बनाते रहते थे। इस बीच लोकसभा चुनाव 2024 के पहले कांग्रेस के नेतृत्व में बने देशव्यापी इंडिया गठबंधन से जब आप की आंखमिचौली शुरू हुई, तो दिल्ली में कांग्रेस-आप में 4:3 का समझौता हो गया, जबकि पंजाब में दोनों में दोस्ताना मुकाबला हुआ। इसमें कांग्रेस ने आप को धो दिया और पंजाब में आप से दोगुनी सीट जीत ली। तभी यह तय हो गया कि आप को यदि अपनी राजनीतिक जमीन बचानी है तो कांग्रेस से दूर जाना होगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में यह हुआ तो जरूर, लेकिन यहां भी आप का दांव उलटा पड़ गया।

दरअसल, आप एक ऐसी पार्टी के रूप में उभर रही थी, जो भाजपा और कांग्रेस से इतर सभी व्यवहारिक मुद्दों में स्पष्ट नजरिया रख रही थी। लेकिन जब से वह भाजपा के निशाने पर आई, उसकी भी रीति-नीति बदल गई। उससे टक्कर लेने के लिए वह जिन थैलीशाहों की शरण में गई, वही आप को ले डूबे। शराब घोटाला इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। जब तक आप बिजली-पानी फ्री देने, स्कूल-अस्पताल को सुधारने आदि पर फोकस किया, तबतक लोकप्रिय बनी रही। लेकिन कोरोना काल की अवैध वसूली और अपनी कतिपय क्षेत्रवादी व अभद्र नीति से जहां वह जनता में अलोकप्रिय हुई, वहीं नीतिगत शराब घोटाले ने उसकी सरकार को ही जेल में डाल दिया। आप सरकार के मुख्यमंत्री की जेल यात्रा और पूर्व उपमुख्यमंत्री की जेल यात्रा तो महज एक बानगी रही, उसके अन्य मंत्री व सांसद भी भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए और बमुश्किल जमानत पर रिहा हुए।

उधर, भाजपा ने अरविंद केजरीवाल के शीशमहल, वायु प्रदूषण, यमुना जल प्रदूषण, दिल्ली के कुछ इलाकों के नारकीय हालात आदि पर इतना फोकस किया कि लोगों को यह महसूस हुआ कि दिल्ली में आप की सरकार के रहते दिल्ली का अब और विकास नहीं हो सकता। इससे पहले भी दिल्ली के विकास का सारा श्रेय शीला दीक्षित सरकार को जाता है। वहीं, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आप को दिल्ली के लिए 'आपदा' (आप-दा) करार दे दिया, क्योंकि यह सरकार विभिन्न महत्वपूर्ण केंद्रीय योजनाओं को दिल्ली में लागू ही नहीं होने देती थी। वहीं, कानून-व्यवस्था पर केंद्र सरकार को घेरती रहती थी, क्योंकि दिल्ली पुलिस गृह मंत्रालय के अंतर्गत होता है।

हालांकि, जब भाजपा ने आरएसएस के सहयोग से आप को दिल्ली की गली-कूची में घेरना शुरू किया, तब स्थिति बदलती। छठ पूजा के खिलाफ अरविंद केजरीवाल की सोच भी उनपर भारी पड़ी। कांग्रेस के खिलाफ सपा, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना यूटीबी आदि का समर्थन भी आप को भारी पड़ा, क्योंकि इनकी पहचान मुस्लिम परस्त और देशद्रोही पार्टी की बनती जा रही है। वहीं, दिल्ली के दंगों को, शाहीन बाग जैसे धरनों और किसान आंदोलन जैसे महानगर विरोधी आंदोलनों को प्रत्यक्ष-परोक्ष समर्थन देना भी अरविंद केजरीवाल की राजनीति को भारी पड़ी।

भाजपा ने दिल्ली के राजनीतिक दंश को दूर करने के लिए एक सुनियोजित रणनीति अपनाई, जिसमें हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र तक के अनुभवों को पिरोया। किसी भी व्यक्ति को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने की जगह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर चुनाव लड़ना, वोट करना लोगों को अपील कर गया। वहीं, आप और कांग्रेस की तरह फ्रीबीज की बौछार करना भाजपा के लिए शुभ कारक रहा। क्योंकि लोगों ने मोदी की गारंटी को अहमियत दी। वहीं, बजट 2025-26 में मध्यम वर्ग को जो भारी कर राहत मिली, उससे बीजेपी के पक्ष में एक नई लहर पैदा हो गई। हालांकि, इस चुनाव में मध्यम वर्ग के मुद्दों पर प्रारम्भिक फोकस अरविंद केजरीवाल ने ही किया, लेकिन मतदान के ऐन मौके पर केंद्रीय बजट बाजीगरी दिखला कर मोदी मैदान मार ले गए और आप हाथ मलती रह गई।

दिल्ली की इस जीत का फायदा एनडीए गठबंधन को बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में भी मिलेगा। वहीं, कांग्रेस यदि समझदारी दिखाकर इंडिया गठबंधन को पुनः मजबूत बनाती है तो वहां भी कांटे की टक्कर होगी, अन्यथा नहीं। क्योंकि वहां भी नवगठित जनसुराज पार्टी के मुखिया प्रशांत किशोर के रुख पर यह निर्भर करेगा कि एनडीए या इंडिया गठबंधन में किसका पलड़ा भारी होगा।

# डॉ सुधानंद झा ज्योतिषी द्वारा प्रस्तुत दैनिक राशिफल

डा सुधा नन्द झा



**मेष**- दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष** - संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** - मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**कर्क** - स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** - सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या** - अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** - महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक** - परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

**धनु**- सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर** - अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ** - कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

**मीन**- पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

**डा सुधा नन्द झा ज्यौतिषी जमशेदपुर झारखंड मो एवं वाट्सअप नंबर 9430336503**

# प्रभारी डीडीसी अनिकेत सचान ने जिला अभियंता नकुल ठाकुर के साथ किया क्षेत्र का दौरा

राष्ट्र संवाद संवाददाता

रविवार को प्रभारी डीडीसी अनिकेत सचान ने जिला परिषद के जिला अभियंता नकूल ठाकुर ,कनीय अभियंता रवि गुप्ता के साथ मुसाबनी बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में नागरिक सुविधा बहाल करने एवं पक्का दुकान निर्माण हेतु आवश्यकता को देखने के लिए घाटशिला एवं मुसाबनी का दौरा किया ।

विगत दिनों स्थानीय जिला पार्षद लक्ष्मी मुर्मू ने मुसाबनी बस स्टैंड में नागरिक सुविधा में यात्री सेड,पेयजल एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण तथा बाजार क्षेत्र में दिनों दिन हो रहे अतिक्रमण पर रोक और जर्जर बाजार सेड का निर्माण और साफ सफाई, बाजार क्षेत्र में पीसीसी करण की मांग को लेकर डीडीसी और जिला परिषद के जिला अभियंता से मिलकर कर लिखित आवेदन दिया गया था । स्थानीय जिला पार्षद के आवेदन पर डीडीसी अनिकेत सचान ने जिला परिषद के पूरे टीम के साथ बस स्टैंड क्षेत्र का दौरा का नागरिक सुविधा बहाल करने की संभावना को देखा । उन्होंने आनेवाले दिनों में बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र का



नागरिक सुविधा बहाल करने के लिए जिला परिषद और अंचल के टीम द्वारा क्षेत्र का सीमांकन और सीमांकन क्षेत्र में निर्माण किए गए दुकानों का सर्वे करने की बात की उसके बाद निर्माण करने पर विचार किया जाएगा । यहां बताते चले की मुसाबनी बस स्टैंड से कई राज्य तक लंबी बसे खुलती है और लाखों राजस्व की प्राप्ति होती है। मगर बस स्टैंड में नागरिक सुविधा का अभाव है । उसी तरह मुसाबनी बाजार जो पहले एचसीएल/ आईसीसी द्वारा निर्माण किया गया था । वर्तमान यह बाजार जिला परिषद द्वारा संचालित होता है ।

वर्षो पहले एचसीएल/ आईसीसी द्वारा निर्माण के बाद से बाजार सेड का निर्माण नहीं हुआ जिसके कारण कई सेड जर्जर अवस्था में । जिसका पुनर्निर्माण की आवश्यकता है । बस स्टैंड और बाजार की समस्या को पूर्व जिला पार्षद बुद्धेश्वर मुर्मू ने भी अपने कार्यकाल से ही नागरिक सुविधा बहाल करने के लिए जिला परिषद कार्यालय को पत्राचार करता रहा है । बुद्धेश्वर मुर्मू ने अब उनके पत्नी जिला पार्षद लक्ष्मी मुर्मू के कार्यकाल तक इसे निर्माण करने पर जोर दिया जा रहा है । बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में नागरिक सुविधा बहाल होने से स्थानीय व्यवसायों को स्थाई दुकान मिल जाएगा जिससे व्यवसाय में निरंतर वृद्ध होने की संभावना है ।

डीडीसी ने मुसाबनी नंबर 1 स्थित जिला परिषद के डाक बंगला का भी निरीक्षण किया और इससे विशेष मरम्मत करने की आवश्यकता बताया । बस स्टैंड का दौरा के समय पूर्व जिला पार्षद बुद्धेश्वर मुर्मू,सुजीत दास, रवि सिंह, राज कुमार , बादल लामा एवं जिला परिषद कार्यालय के पूरे टीम उपस्थित थे ।

# प्लस टू शिक्षक संघ ने पहाड़भांगा में किया वनभोज, पोटका विधायक हुए शामिल

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### विधायक के समक्ष शिक्षकों ने रखीं पांच प्रमुख मांगे

प्लस टू शिक्षक संघ, पूर्वी सिंहभूम की ओर से रविवार को पहाड़भांगा, पोटका में वानभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोटका विधायक संजीव सरदार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान संघ के सचिव कमल पड़ीहारी ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए पांच प्रमुख मांगें विधायक के समक्ष रखीं।

**शिक्षकों की पांच प्रमुख मांगें:**

वरीय वेतनमानः 12 वर्षों की सेवा पूरी कर चुके शिक्षकों को जल्द वरीय वेतनमान का लाभ दिया जाए।

स्थानांतरण नीतिः पीजीटी शिक्षकों



का स्थानांतरण पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से किया जाए। साथ ही प्रयोगशाला सहायकों को भी स्थानांतरण नीति में शामिल किया जाए।

एमएसीपी का लाभः स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षकों और प्रयोगशाला सहायकों को संशोधित वेतनमान प्रगति योजना (एमएसीपी) का लाभ दिया जाए। बकाया वेतन का भुगतानः जिले के शिक्षकों और प्रयोगशाला सहायकों के पिछले वर्षों का बकाया वेतन जल्द जारी किया जाए।

उत्क्रमित प्लस टू विद्यालयों को ऊऊड से जोड़ने की मांगः उत्क्रमित प्लस टू विद्यालयों को प्रखंड स्तरीय डीडीओ विद्यालय से टैग किया जाए, ताकि वेतन भुगतान प्रक्रिया सुगम हो।

विधायक संजीव सरदार ने शिक्षकों की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि वे इसे सरकार के समक्ष उठाकर समाधान का प्रयास करेंगे। इस मौके पर सुधांशु मंडल, अंबिका दास, कृष्णा टुडू, मिथिलेश मिश्रा, सब्यसाची पात्र सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# झामुमो कार्यालय में सम्मान समारोह, युवा प्रतिभाओं को मिला प्रोत्साहन

राष्ट्र संवाद संवाददाता
रामगोपाल जेना

**चाईबासा/जगन्नाथपुरः** झारखंड सरकार के परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने झामुमो कार्यालय में आयोजित समारोह में मनहा मलिक, तंजील एबाद और कामरान अंसारी को सम्मानित किया। बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मनहा मलिक ने नेशनल ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीता, जबकि कामरान अंसारी ने मेंस बेस्ट डेडलिफ्ट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। वहीं, तंजील एबाद ने आर्म रेसलिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया।

मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा, ₹युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना हमारी प्राथमिकता है। यह सम्मान



उनकी मेहनत का फल और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।₹

समारोह में परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा और जिला संयोजक के अध्यक्ष सोनाराम देवगाम को भी सम्मानित किया गया। शहबाज आलम ने मंत्री को शॉल ओढ़ाया, जबकि मौलानगर के सदर व सचिव ने सोनाराम देवगाम को सम्मानित किया।

मनहा मलिक, तंजील एबाद और कामरान अंसारी ने मंत्री को बुके भेंट कर आभार जताया और खेल व युवा विकास में सहयोग की उम्मीद जताई। समारोह में झामुमो के युवा कार्यकर्ता फहाद हसनैन, नाज़िश फरहान समेत शम्स शाजेब, अशद तनवीर, राज़िक अहसन, इरफान इब्राहिम ,कामरान जामा,जरमन लागुरी, राजू लागुरी, पंकज नायक, समीउल्लाह अंसारी, कमर इकबाल और शमी अफरोज सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस कार्यक्रम का आयोजन अभिषेक कुमार सिंकु (मुन्ना), केंद्रीय सदस्य-सह-जिला अध्यक्ष, झारखंड युवा मोर्चा ने किया। उन्होंने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ₹ऐसे आयोजन युवाओं को प्रेरित करते हैं।₹

# झामुमो का एक दिवसीय सरायकेला विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजित

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** झामुमो की ओर से गांजिया बराज के समीप एक दिवसीय सरायकेला विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन सह सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन राज्य के मंत्री दीपक बिरुआ ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि सरायकेला विधानसभा में पार्टी मजबूत स्थिति में है। इसे और मजबूत बनाना है। समारोह में जुटी अपार भीड़ के मद्देनजर उन्होंने कहा कि समारोह में लोग स्वयं चलकर आए हैं। ये लोग लाए गए नहीं हैं। यही सदस्यता अभियान की सफलता है। उन्होंने



कहा कि संगठन कार्यकर्ता की गलती स्वीकार कर लेगी लेकिन गद्दारी कभी स्वीकार नहीं। केंद्रीय प्रवक्ता ने कहा कि वर्ष 2019 में विपक्षी दलों को साफ कर दिया था, लेकिन वर्ष 2024 में एक कांटा आ गया जिसे आने वाले चुनाव में उखाड़ देंगे। संगठन के सभी कार्यकर्ता एक साथ जब चलेंगे तो चुनाव के पहले ही फिजा बदल देंगे और चुनाव जीत कर देखा देंगे। दिल्ली चुनाव के बावत उन्होंने कहा कि वहां भाजपा नहीं, ईडी- सीबीआई चुनाव लड़ी। लेकिन झारखंड के कार्यकर्ता 2024 के चुनाव में सफल होने नहीं दिया। सभी कार्यकताओं ने ईडी, सीबीआई को खदेड़ने का काम किया। वर्ष 2029 में झामुमो अकेले दम पर दो तिहाई सीट जीतकर फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनेगी। इसके लिए कार्यकताओं ने फरवरी 2025 में सरायकेला विधानसा क्षेत्र में सदस्यता अभियान कार्यक्रम के माध्यम से शुरूआत कर दी है। कार्यक्रम को खरसावां विधायक दशरथ गगराई, पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी, मोहन कर्मकार, राजू गिरी, पूर्व पार्टी प्रत्याशी गणेश महाली, केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी समेत कई अन्य नेताओं ने सम्बोधित किया। समारोह की अध्यक्षता जिला संयोजक डॉ0 शुभेन्दू महतो ने किया जबकि संचालन पार्टी नेता अमृत महतो ने किया। इस दौरान विभिन्न दलों के काफी संख्या में कार्यकताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर बारी मुर्मू, वीरेंद्र प्रधान, जगदीश महतो, सन्नी सिंह, सचिन महतो, बंकिम चौधरी, मंगल मांझी, गुरुचरण मुखी, इंद्रजीत महतो समेत कई झामुमो नेता व काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## घाटशिला एमएलए क्रिकेट कप का समीर - कुणाल संग मंत्री रामदास ने किया उद्घाटन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

मऊभंडार ताम्र प्रतिभा मैदान में चौथे शहीद गणेश हांसदा, शहीद सांसद सुनील महतो व शहीद प्रभाकर महतो की स्मृति में आयोजित घाटशिला एमएलए कप क्रिकेट टूनामेंट का रविवार को शुभारंभ हुआ। झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा-साक्षरता व निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार महंती व पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने टूनामेंट का उद्घाटन किया। सबसे पूर्व शहीद बेदी पर वीर शहीद गणेश हांसदा, शहीद सांसद सुनील महतो व शहीद प्रभाकर महतो की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके उपरांत उद्घाटन मैच खेलने वाली टीम के खिलाड़ियों से ग्राउंड में परिचय प्राप्त किया। मंत्री रामदास सोरेन ने बल्लेबाजी कर टूनामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। साथ ही खिलाड़ियों एवं आयोजकों के साथ ग्रुप फोटो भी कराया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत बूके देकर किया गया। टूनामेंट के उद्घाटन के अवसर पर घाटशिला के एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर, थाना प्रभारी मधुसूदन दे, स्पोर्ट्स क्लब के महासचिव नरेंद्र कुमार राय, जगदीश भकत, कालीपदो गोराई, बाघराय मार्डी, दुर्गा मुर्मू, सोनाराम सोरेन, आयोजन कमिटी के अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, उपाध्यक्ष रुपेश दूबे, सचिव शम्भू जेना, लव कुमार, कुश कुमार, शाहिद अंसारी, शकील अंसारी, रूपेश मंडल, अनिमेष जायसवाल, जसप्रीत संधू, मोहित उपाध्याय, रितेश गुरुम, आशीष बागती, जयंत दास, गौतम दास, सूरज राठौड़, समीर जेना, संजय मजूमदार, संदीप मुखी, मुकेश पटेल, राजा, निखिल, मोहन गोप, रंजन गोराई, गणेश जेना, चिंटू घोष समेत बड़ी संख्या में कमिटी के युवा सदस्य उपस्थित थे।

# फुटबॉल टूनार्मेंट का विजेता रेयांस एफसी, विधायक संजीव ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

राष्ट्र संवाद संवाददाता

पोटका प्रखंड के गंगाडीह पंचायत अंतर्गत एसडीबीसी गोमियासाई की ओर से तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता सह खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन रविवार को संपन्न हो गया. इस फुटबॉल प्रतियोगिता मे कुल 16 टीम ने भाग लिया, जिसका फाईनल मुकाबले मे पैनाल्टी से रियांस एफसी की टीम हातनबेड़ा को हराकर विजेता बनी. इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह मे मुख्य अतिथि के रूप मे स्थानीय विधायक संजीव सरदार उपस्थित थे. मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि खेलकूद जीवन का एक हिस्सा है, इससे शरीर स्वस्थ्य रहता है और मन शांत रहता है. सभी को अपने



दिनचर्चा मे समय निकालकर खेलकूद एवं शारीरीक अभ्यास मे समय देने की जरूरत है. पोटका मे अच्छे-अच्छे खिलाड़ी है, लेकिन उचित मार्ग और प्लेटफार्म के अभाव मे आगे बढ़ नहीं पा रहे है, लेकिन उनका प्रयास होगा कि खिलाड़ियों को अच्छा मार्ग और प्लेटफार्म मिले, जिसके लिये वह मदद करने को हमेशा तैयार है. सभी खिलाड़ियों से अपील होगा कि वह अच्छा खेल का प्रदर्शन करते हुये आगे बढ़े. वह खेल चाहे फुटबॉल का हो या क्रिकेट के साथ साथ एथलैकिक्स, कबड्डी, खो-खो का ही क्यूं नहीं हो, खिलाड़ी मन लगाकार खेले. खेल मे हार जीत लगा रहता है, इसमें निराश होने की जरूरत नहीं है. इस अवसर पर झामुमो नेता देव पालित आदि उपस्थित थे. आयोजन को सफल बनाने मे मुख्य रूप से ग्राम प्रधान गुहीराम सरदार, उदय लोहार, राहुल सरदार, रिंकु भूमिज, हरेलाल सरदार, मेघलाल सरदार, अजय कुमार, राज सरदार, हाराधन सरदार आदि का सराहनीय योगदान रहा.

# काफी जागरूक है वैष्णव समाज : संजीव सरदार

राष्ट्र संवाद संवाददाता

### डोमजुड़ी में अखिल झारखण्ड वैष्णव समिति का सम्मलेन

आदिम झारखंड वैष्णव (बैरागी) समिति केंद्रीय कमेटी का वनभोज सह वैष्णव मिलन कुंज का आयोजन डोमजुड़ी ग्रीन सिटी मे रविवार को आयोजित किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे पोटका के विधायक संजीव सरदार एवं विशिष्ट अतिथि के रूप विधायक मंगल कालिंदी तथा बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी उपस्थित थे. मौके पर विभिन्न क्षेत्र से हजारों वैष्णव समाज के लोग उपस्थित थे.

विधायक संजीव सरदार ने कहा कि वैष्णव समाज काफी जागरूक समाज है, लेकिन समाज आज भी पिछड़ेपन का शिकार है. समाज के



लोगों को शेक्षणिक, समाजिक और आर्थिक रूप से मजबूत करना है, जिसके लिये हम सभी को प्रयास करना होगा. वह हमेशा ही समाजिक विकास को प्राथमिकता दिया है. समाज के लोगों से अपील होगा कि वह अपने बच्चों को पढ़ाये, जिसमें बेटा और बेटी को किसी तरह का भेदभाव किये बगैर बराबर का शिक्षा दें, इस दौरान किसी को किसी तरह की असुविधा होती है, तो वह मदद करने के लिये हमेशा तैयार है.

इस आयोजन मे मुख्य संयोजक नवदीप दास, अध्यक्ष सुंदरलाल दास, महासचिव विद्या सागर दास, शक्तिपदो दास, संजय दास, हेमंत दास, तापस दास, मृत्युंजय दास, चंचल दास, बुबाई दास, जगन दास, अशोक दास, हरिहर दास, सपन दास, मदन मोहन दास, सुदन दास, लखीकांत दास, जीतेन दास, वृंदावन दास, अश्विनी दास, मनोज दास आदि उपस्थित थे.

# नाली सफाई की मांग को ले कंचनपाड़ा ने किया प्रदर्शन

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**गम्हरिया।** कांड्रा पंचायत के कंचनपाड़ा गांव की नालियों को कई माह से सफाई नहीं कराए जाने से उसकी दयनीय हो गई है। नाला जाम रहने के कारण गन्दा पानी सड़को पर बह रहा है। इससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा रविवार को प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई महीनों से नालियों की ना तो सफाई कराई गई है और ना ही उसकी मरम्मत की गई है। इससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़



रहा है और नारकीय स्थिति में रहना पड़ रहा है। बताया गया कि यह समस्या काफी लंबे समय से चली आ रही है। नालियों की खराब स्थिति के कारण गंदा पानी नालियों से ओवरफ्लो होकर सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है और बदबू फैलती है। इससे न केवल स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि यह स्थिति स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन सकती है। बताया कि इस समस्या से कई बार स्थानीय मुखिया को अवगत करवाया गया। किन्तु, उनकी ओर से अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इस दौरान ग्रामीणों ने मुखिया के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। इस मौके पर रिया सोनी, शक्ति देवी, आरती देवी, सपन गोराई, बिंदु प्रमाणिक, जोबा सेल, पूर्णिमा मंडल, बिरजू दास, झरना मोहंती, लक्ष्मी मंडल समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### बहरागोड़ा श्रद्धालुओं ने मनाया ठाकुर अनुकूल चंद जी का जन्म 137 वां जन्म महोत्सव

राष्ट्र संवाद संवाददाता



बहरागोड़ा में रविवार को ठाकुर अनुकूल चंद जी का 137 वां वार्षिक जन्म महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर प्रातः काल प्रार्थना व धर्म ग्रंथों के पाठ से कार्यक्रम की शुरूआत की गई. धर्मग्रंथों के पाठ के बाद भजन कीर्तन का आयोजन किया गया. इसके बाद शोभा यात्रा निकाली गई. शोभायात्रा सत्संग विहार से निकल कर बहरागोड़ा बाजार के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई वापस सत्संग विहार पहुंची. शोभायात्रा में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से आई हुई महिलाएं भी बढ़ चढ़ कर शामिल हुई. शोभायात्रा में शामिल लोग ठाकुर अनुकूल चन्द्र के जय कारे लगा रहे थे. दोपहर में बाहर से आए ऋत्विकों के द्वारा प्रवचन का आयोजन किया गया. सत्संग में पहुंचे भक्त ने कहा कि अहंकार से कुछ हासिल में होता जो ठाकुर जी से प्रेम करते है वही ठाकुर जी को जान पाएंगे. ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी चाहते थे की सभी आपस में प्रेम करें. प्रवचन के माध्यम से बताया गया कि दूसरे की मंगल कामना का विचार रखना ही बड़ी बात है. प्रवचन के माध्यम से यह भी बताया गया की ठाकुर जी ने प्रेम का संदेश दिया था. माता, पिता मां, बेटी, पड़ोसी से प्रेम करना चाहिए. जो लोग दीक्षा के समय शपथ लिए उसे याद करना है. इसके साथ ही खिचड़ी प्रसाद का भी वितरण किया गया. कार्यक्रम में अच्छी खाशी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी थी.

### पुरानी बस्ती से साईं महोत्सव पर निकाली गई पालकी यात्रा

राष्ट्र संवाद संवाददाता रामगोपाल जेना



**चक्रधरपुरः** चक्रधरपुर की पुरानी बस्ती स्थित ओडिया मध्य विद्यालय परिसर में रविवार को श्री जगन्नाथ संस्कृति के तत्वावधान में साईं महोत्सव का आयोजन हुआ। सुबह में कांकड़ आरती के साथ साईं पूजा शुरू की गई। पुजारी ने मंत्रोच्चार के साथ पूजा कराई। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। दोपहर दो बजे भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम चार बजे श्रद्धालुओं ने पालकी यात्रा निकाली। पालकी यात्रा पुरानी बस्ती से नीचे टोला, गुंडिचा मंदिर, थाना रोड पहुंची। साईं मोंटेश्वरी स्कूल में पालकी का स्वागत किया गया। इसके बाद पालकी यात्रा थाना रोड होते हुए मेन रोड, शहीद भगत सिंह चौक, पुरानी रांची रोड के रास्ते शीतला मंदिर स्थित साईं देवस्थान पहुंची। वहां पालकी का स्वागत किया गया। इसके बाद बाटा रोड, पवन चौक, राजबाड़ी रोड होते हुए आयोजन स्थल पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु पालकी के आगे नारंगी व पीला झंडा हाथों में लिए चल रहे थे। इस दौरान लोगों ने साईं बाबा का जयकारा लगा रहे थे। शाम में संध्या आरती के साथ जमशेदपुर के कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### परम्परागत एवं श्रद्धाभाव से की गई माघ बुरु बोंगा पूजा

राष्ट्र संवाद संवाददाता



जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के डोमजुड़ी गांव मे माघ-बुरू बोंगा (पूजा) का आयोजन पारंपरिक स्वशासन गांवता की ओर से रविवार को आयोजित किया गया. इस कार्यक्रम के तहत सुबह को माघ-बुरू पूजा का आयोजन नाया के द्वारा विधिवत रूप से किया गया. शाम को नाया दारोम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे पोटका के विधायक संजीव सरदार उपस्थित थे. यहां विधायक श्री सरदार ने कहा कि आदिवासी समाज हमेशा ही प्रकृति के प्रति काफी जागरूक रहा है. माघ महिना मे भूमिज समाज के द्वारा माघ बुरू पूजा का आयोजन निर्दिष्ट पूजास्थल मे किया जाता है, जिसके पश्चात ही समाज के लोग अपने घर के छाबनी को मरम्मत करने का काम कर सकते है. इस दौरान समाज के द्वारा माघ-बुरू नृत्य और संगीत का आयोजन गांव के आखड़ा मे होता है. समाज के लोगों से अपील होगा कि इस तरह के आयोजन को जिवीत रखते हुये अपने संस्कृति के प्रति प्रेम बनाये रखे और युवाओं को भी भाषा, संस्कृति और पहचान की जानकारी दें.

इस अवसर पर भूमिज समाज के समाजिक कार्यकर्ता सिदेश्वर सरदार, हरिश चंद्र सिंह भूमिज, सुखदेव सरदार, सुनाराम भूमिज, अध्यक्ष रथु सिंह सरदार, सुंदर सिंह भूमिज, गुलाब सिंह, नयन सिंह, बाबुलाल सिंह आदि उपस्थित थे.

### पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी की पहल पर 44,000 रुपए का अस्पताल का बिल हुआ माफ

राष्ट्र संवाद संवाददाता

परसुडीह निवासी पवन ठाकुर जिनकी टीएमएच अस्पताल में ईलाज के दौरान निधन हो गया था। उनके परिजनों द्वारा अस्पताल का चिकित्सा शुल्क का 44,000/- रुपए शेष राशि भुगतान करने में असमर्थ थे। उनके परिजनों इसकी जानकारी पत्रकार आशीष तिवारी जी के द्वारा पूर्व विधायक ङ४ल्लंह्ण र१ल्लक्र्र को जानकारी दी और अविलंब इस पर हस्तक्षेप का आग्रह किया। उन्होंने परिवार की वित्तीय स्थिति पर संवेदनशीलता दिखाते हुए अस्पताल प्रबंधन से सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आग्रह किया। अस्पताल प्रबंधन ने बाकी बचे 44,000/- रुपये का शेष बिल माफ कर दिया। एबं उनका पार्थिव शरीर को परिजनों को सुपुर्द करवाए।

परिजनों ने अपने इस संकट की घड़ी में साथ देने के लिए पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के प्रति आभार जताया ।

### चक्रधरपुर में फन वर्ल्ड डिजनीलैंड मेला का हुआ शुभारंभ, सीनियर डीपीओ ने फीता काट किया उद्घाटन

राष्ट्र संवाद संवाददाता रामगोपाल जेना



**चक्रधरपुरः** चक्रधरपुर शहर के रेलवे हाई स्कूल मैदान में आयोजित फन वर्ल्ड डिजनीलैंड मेला का उद्?घाटन रविवार की शाम को की गई। चक्रधरपुर रेल मंडल के सीनियर डीपीओ डॉ रिषभ सिन्हा फीता काट कर किया। उद्घाटन के पश्चात ही लोगों का मेला में पहुंचा शुरू हुआ। पहले दिन अच्छी-खासी लोग मेले में पहुंच कर आनंद लिए। सीनियर डीपीओ श्री सिन्हा ने परिवार के साथ ड्रेगन झुका का आनंद उठाएं। वहीं गन शूटिंग भी किए। मेले में पहले दिन इक्का दुक्का दुकानें खुली थी। फिर भी लोगों का आना जाना रहा। बता दें कि डिजनीलैंड मेला में हिन्दुस्तान के हर प्रांत के परिधान एवं हेंड क्राफ्ट के समान उपलब्ध होंगे। मेले में बच्चे ही नहीं बड़े को ध्यान में रखते हुए उनके लिए विशेष आकर्षण का झूला लगाया गया है। मेले में स्टाईल ऑफ मेन, ब्रेक डांस, ड्रैगन ट्रेन, टोरा-टोरा, हेंडलूम, हेंडी क्राफ्ट की दुकानें लगी है। इस फन वर्ल्ड में घूमने तथा खरीदारी करने के साथ-साथ उपभोक्ताओं को जायकेदार नाश्ते एवं भोजन का लुत्फ मिलेगा। मौके पर मुख्य रुप से प्रबंधक संगीता मल्होत्रा, शेखर पर्वत आदि मौजूद थे।

# मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा की हुई बड़ी जीत, अपना बूथ भी हार गये सपा उम्मीदवार

**अयोध्या,एजेंसी।**

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव की मतगणना में भाजपा की बड़ी जीत हुई है। भाजपा के चंद्रभानु पासवान ने सपा प्रत्याशी अजित प्रसाद को भारी मतों से हरा दिया। भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान ने 61,710 वोट के बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। भाजपा के चंद्रभानु को 1,46,397 वोट मिले, जबकि सपा के अजित प्रसाद ने 84,687 मत प्राप्त किए। हालात यह रहे कि सपा पत्याशी अपना बूथ भी हार गए। जीत के बाद भाजपा प्रत्याशी ने मतगणना स्थल पहुंच कर प्रमाण पत्र प्राप्त किया। भाजपा कार्यालय में पुष्प वर्षा के साथ ढोल नगाड़े बजाए जा रहे हैं। जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सभी को जीत की बधाई दी। शनिवार को सुबह से कड़ी सुरक्षा के बीच मिल्कीपुर



विधानसभा की राजकीय इंटर कॉलेज में मतगणना शुरु हुई। दोपहर बाद जैसे ही भाजपा उम्मीदवार की जीत 61,710 मतों से निश्चित हुई तो भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गयी। चारों तरफ ढोल नगाड़े बजने लगे। सुबह मतगणना शुरू होते ही भाजपा उम्मीदवार ने बढ़त कायम कर ली थी। इसके बाद लगातार बढ़त बनाये रहे। उधर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की निराशा बढ़ती गयी। स्थिति यह रही कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद अपना बूथ भी हार गए । मोदी-योगी की जीत : चंद्रभानु जीतने के बाद चंद्रभानु पासवान ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीत है। अब मिल्कीपुर की जनता के विकास के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि प्रभु की इच्छा से सम्मानित जनता के आशीर्वाद से इतनी बड़ी जीत मिली है। विपक्ष के पास आरोप लगाने के सिवा और कोई काम बचा नहीं है। आप सब जानते हैं, चुनाव एकदम निष्पक्ष हुआ है। एक बार सपा लोगों को बरगला ले गई थी। अब ऐसा कभी नहीं होगा। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी कि यह अभूतपूर्व विजय मिल्कीपुर की जनता जनार्दन के आशीर्वाद, पार्टी के बड़े नेताओं के कुशल रणनीति व नेतृत्व और समर्पित भाजपा कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर दी बधाई:** मिल्कीपुर विधान सभा सीट पर उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय की सभी समर्पित पार्टी पदाधिकारियों एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को हृदयतल से बधाई दी हैं।उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि यह विजय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की भाजपा सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों एवं सेवा, सुरक्षा और सुशासन को समर्पित उत्तर प्रदेश सरकार के प्रति आमजन के अटूट विश्वास का प्रतीक है। विजयी प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान को बधाई एवं उत्तर प्रदेश की विकास-यात्रा और सुशासन को अपना मत प्रदान करने वाली मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र की अभिनंदन है। जय श्री राम।

## दिल्ली के नतीजों के बाद संजय राउत की आप और कांग्रेस को नसीहत, इंडिया गठबंधन को लेकर किया ये दावा



**मुंबई,एजेंसी।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर शिवसेना यूबीटी सांसद संजय राउत ने कहा, यह आम आदमी पार्टी और कांग्रेस दोनों की जिम्मेदारी थी, उन्हें बैठकर सीट बंटवारे पर चर्चा करनी चाहिए थी, लेकिन दोनों ने अलग-अलग चुनाव लड़ा और चुनाव हार गए। भाजपा चाहती है कि हम आपस में लड़ें। अगर हम इस बात से खुश हैं कि आप और कांग्रेस हार गए, तो यह लोकतंत्र के लिए अच्छी बात नहीं है। जब तक हम आपस में लड़ेंगे, तब तक हम तानाशाही को नहीं हरा सकते

**विपक्ष देश को आगे ले जाएगा- संजय राउत:** शिवसेना यूबीटी सांसद ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा- भाजपा का कोई भविष्य नहीं है, यह सूजन है, यह अस्थायी है, अभी 10 साल हुए हैं, आने वाले समय में वे चले जाएंगे, विपक्ष देश को आगे ले जाएगा। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया गठबंधन को लेकर संजय राउत ने कहा कि, इंडिया गठबंधन है और भविष्य में भी रहेगा।

**ऐसा रहा दिल्ली विधानसभा चुनाव का नतीजाँ:** दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान के बाद आठ फरवरी को आए नतीजों में भाजपा ने बाजी मारते हुए 70 विधानसभा सीटों में 48 सीटों पर जीत हासिल की है। इसके साथ ही भाजपा ने केंद्र शासित प्रदेश में 26 साल सत्ता का सुख फिर से हासिल किया है। वहीं सत्ताधारी दल आम आदमी पार्टी को पिछले चुनाव के मुकाबले बड़ा झटका लगा है, जिसमें आप को 70 में से मात्र 22 सीटों पर जीत मिल सकी और सत्ता से बाहर होना पड़ा है। जबकि कांग्रेस पार्टी का प्रदर्शन पिछले दो विधानसभा चुनाव की तरह ही रहा, उसे किसी भी सीट पर जीत नहीं मिली। इसके साथ दिल्ली के तीन विधानसभा चुनाव में लगातार शून्य सीट के साथ कांग्रेस ने अनचाहा हैट्रिक रिकॉर्ड बनाया है।

## राष्ट्रीय खेलों में मौली रोबोट से मेडल वितरण उत्तराखंड की अनूठी तकनीकी पहल

**देहरादून,एजेंसी।**

38वें राष्ट्रीय खेलों में मेजबान उत्तराखंड ने तकनीकी नवाचार की मिसाल पेश की है। पहली बार मेडल सेरेमनी में मौली रोबोट का उपयोग कर विजेताओं को पदक वितरित किए गए, जिससे दर्शकों को सुखद आश्चर्य हुआ। हालांकि, एथलेटिक्स के अलावा अन्य इवेंट्स में परंपरागत तरीके से ही मेडल दिए गए। राष्ट्रीय खेलों में शनिवार को मौका एथलेटिक्स इवेंट की मेडल सेरेमनी का था। खिलाड़ियों से लेकर दर्शकों की ठीक ठाक उपस्थिति थी। सभी उम्मीद कर रहे थे कि कुछ ही देर में होने वाली मेडल सेरेमनी परंपरागत रूप से ही आयोजित होंगी। मगर अगले पलों में मेडल सेरेमनी का पूरा रूप ही बदला हुआ था। रिमोट कंट्रोलर की कमांड से मौली रोबोट में हरकत शुरू हुई। वह एक ट्रे में मेडल लेकर विजेताओं के पास पहुंचा। अतिथियों ने मेडल उठाए और विजेताओं के गले में पहना दिए। राष्ट्रीय खेलों में मेजबान



उत्तराखंड ने रोबोटिक तकनीक से जुड़ी पहल कर सभी को सुखद अनुभूति से भर दिया। हालांकि एथलेटिक्स इवेंट को छोड़कर अन्य में परंपरागत रूप से ही मेडल सेरेमनी आयोजित की गई। यानी हाथ में ट्रे लेकर युवतियां ही विजेताओं के लिए मेडल लाई। एथलेटिक्स के करीब 40 इवेंट होने हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 38 वें राष्ट्रीय खेल में खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन के अलावा कई अभिनव पहल भी पूरे देश को दिखाई दे रही है। तकनीकी पहल भी अब राष्ट्रीय खेलों के साथ जुड़ गई है। हमारी कोशिश ये ही है कि नई तकनीक का पूरा लाभ लेते हुए खेल विकास के लिए कार्य किया जाए। खेल निदेशक प्रशांत आर्या के अनुसार- एथलेटिक्स के अधिकतर इवेंट में मेडल सेरेमनी के दौरान मौली रोबोट का ही इस्तेमाल किया जाएगा। उत्तराखंड पुलिस की ड्रोन टीम छायी- -मौली रोबोट के विचार पर उत्तराखंड पुलिस की ड्रोन टीम ने एक प्राइवेट फर्म डीटाउन रोबोटिक्स के साथ मिलकर काम किया। ड्रोन टीम के विपिन कुमार, दीपांकर बिष्ट, प्रशांत चंद्र, दीपक बिष्ट, अभिषेक कुमार, प्रज्ज्वल रावत ने करीब डेढ़ महीने इस प्रोजेक्ट पर काम किया। मेडल सेरेमनी में जहां मौली रोबोट ने काम किया, वहीं डिस्कस के इवेंट के दौरान एक अन्य रोबोट ने सहयोग किया। ओलंपियन मनीष रावत के अनुसार-मेडल सेरेमनी में रोबोट का इस्तेमाल उन्होंने पहली बार देखा है। राष्ट्रीय खेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिन्हा भी होनी चाहिए।

## मुस्लिम बहुल इलाकों में आम आदमी पार्टी का अच्छा प्रदर्शन, एआईएमआईएम के दोनों उम्मीदवार हारे

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच माना जा रहा था, लेकिन असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लेमीन (एआईएमआईएम) ने ओखला और मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्रों से अपने उम्मीदवार उतार दिए, जिससे यह दोनों सीटें हॉट सीट बन गई थीं। सभी राजनीतिक पंडितों की नजरें इन सीटों पर थीं और लोग एआईएमआईएम उम्मीदवारों से बड़े उलटफेर की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन एआईएमआईएम के दोनों उम्मीदवार कोई प्रभाव छोड़ने में विफल रहे।

एआईएमआईएम ने सीएए-एनआरसी मामले में जेल में बंद शिफाउर्रहमान को ओखला से अपना उम्मीदवार बनाया था। वह जामिया मिलिया इस्लामिया ओल्ड बॉयज एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे हैं। माना जा रहा था कि सीएए-




एनआरसी विरोध-प्रदर्शन में उनके समर्थन का असर इस चुनाव में दिखेगा और भावनात्मक ध्रुवीकरण के सहारे वह यह सीट जीत सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उन्हें अच्छी तादाद में वोट जरूर मिले लेकिन वे तीसरे स्थान पर रहे। आम आदमी पार्टी के अमानतुल्लाह खान ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मनीष चौधरी को 23,639 मतों के अंतर से हराकर तीसरी बार जीत हासिल की। अमानतुल्लाह खान को 88,943 वोट मिले, जबकि भाजपा के मनीष चौधरी को 65,304 वोट मिले। एआईएमआईएम के शिफाउर्रहमान 39,558 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे, जबकि कांग्रेस की अरीबा खान 12,739 वोटों के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

वहीं अगर मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र की बात करें तो ओवैसी की पार्टी ने यहां से जेल में बंद दिल्ली दंगों के आरोपित मोहम्मद ताहिर हुसैन को मैदान में उतारा था। यहां भी रणनीति विक्टिम काड खेलने की थी, लेकिन ताहिर हुसैन भी इसमें सफल नहीं हो सके। आश्चर्यजनक रूप से वह भी यहां तीसरे स्थान पर रहे। यहां से भाजपा के मोहन सिंह बिष्ट ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी आम आदमी पार्टी के अदील अहमद खान को 17,578 मतों से हराया।

## राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास भारतीय सेना के जवानों पर संदिग्ध आतंकवादियों ने की गोलीबारी



**राजौरी,एजेंसी।**

राजौरी जिले के केरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास तैनात भारतीय सेना के जवानों पर संदिग्ध आतंकवादियों ने गोलीबारी की है। यह घटना आज नियंत्रण रेखा के अग्रिम इलाके में हुई । माना जा रहा है कि सीमा पार से आए संदिग्ध आतंकवादियों ने इसे अंजाम दिया है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। भारतीय सेना के सूत्रों के अनुसार भारतीय सेना के जवानों पर कुछ राउंड गोलीबारी की गई। सतर्क जवानों ने उस स्थान पर जवाबी गोलीबारी की, जहां से गोलीबारी हुई थी। सेना अब उस इलाके में तलाशी ले रही है जहां घटना हुई है। राजौरी के केरी सेक्टर में बारातगाला के पास आज दोपहर सीमा पार से संदिग्ध आतंकवादियों ने भारतीय सेना के एक गश्ती दल पर गोलीबारी की। सूत्रों का दावा है कि घटना में अभी तक किसी के हताहत होने या घायल होने की खबर नहीं है, जबकि इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

## दिल्ली में हरियाणा के आठ नेता चुनाव लड़े,पांच हारे-तीन जीतेष्ठ

**चंडीगढ़,एजेंसी।**

दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आ गए हैं। इस चुनाव में हरियाणा मूल के आठ नेता चुनाव मैदान में उतरे थे, जिनमें से पांच नेताओं को चुनाव हार का मुंह देखना पड़ा है। वहीं तीन नेताओं को इस बार जनता ने जीताकर विधानसभा पहुंचाने के साथ ही सत्ता परिवर्तन करने का काम किया है। हरियाणा पृष्ठभूमि से आने वाले सबसे ज्यादा आम आदमी पार्टी के 5 उम्मीदवार चुनाव लड़े, लेकिन एक ही नेता चुनाव जीतने में सफल रहा। हारने वालों में सबसे बड़ा नाम हिसार के सिवानी गांव के रहने वाले पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल का है। केजरीवाल ने हिसार में अपने मामा के घर पर रहकर ग्रेजुएशन तक पढ़ाई की है। कैथल के रहने वाले महेंद्र गोयल रिठाला विधानसभा सीट से चुनाव हार गए हैं। झज्जर के छारा गांव की रहने वाली राखी बिरला मादीपुर सीट से चुनाव हार गई हैं।

## अमेठी में 310 ग्राम स्मैक के साथ अंतर्जनपदीय अभियुक्त गिरफ्तार



**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**अमेठी** ।जिले की मुसाफिरखाना थाना पुलिस ने 310 ग्राम स्मैक के साथ एक अंतर्जनपदीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया ।इसके अलावा आरोपित के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई ।बरामद स्मैक की अनुमानित कीमत 31 लाख रुपये बताई जा रही है ।गिरफ्तारी व बरामदगी कर पुलिस ने आवाश्यक विधिक कार्रवाई की.

पुलिस के मुताबिक जिले में अपराधियों के धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में रविवार को थाना- मुसाफिरखाना के एसआई हेमनारायण सिंह व उनकी टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर संजय सिंह,निवासी-जमुवारी थाना-मुसाफिरखाना अमेठी को ब्लाक रोड रेलवे तिराहा के पास से करीब तीन बजकर तीस मिनट पर रात्रि में पैशन मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया ।अभियुक्त की तलाशी से उसके पास 310 ग्राम स्मैक बरामद हुई पैशन मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर वह नही दिखा सका ।पुलिस की पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि यह मोटरसाइकिल चोरी की है,जिसे काफी समय पहले उसने अमेठी से चोरी किया था ।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में पुलिस ने विधिक कार्यवाही की ।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी है,जिसके विरुद्ध जनपद सहित सुलतानपुर,प्रयागराज,रायबरेली,उन्नाव,लखनऊ,गोण्डा,गोरखपुर, वाराणसी आदि जिलों में विभिन्न धाराओं में कुल 26 अभियोग पंजीकृत है.

## रक्षा मंत्रालय ने नौसेना के लिए 28 ईओएन-51 प्रणालियों के लिए बीईएल के साथ 642.17 करोड़ रुपये का किया अनुबंध

**नई दिल्ली,एजेंसी।**

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को भारतीय नौसेना के लिए 11 नई पीढ़ी के अपतटीय गश्ती जहाजों और तीन कैडेट प्रशिक्षण जहाजों के लिए 28 ईओएन-51 प्रणालियों की खरीद के लिए नई दिल्ली में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड( बीईएल) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। इसकी कुल लागत 642.17 करोड़ रुपये है, जिसमें खरीद (भारतीय-आईडीडीएम) श्रेणी के तहत कर शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि ईओएन-51 एक इलेक्ट्रो ऑप्टिकल फायर कंट्रोल सिस्टम है जो इलेक्ट्रो ऑप्टिकल और थर्मल इमेजर्स उपकरणों का उपयोग करके लक्ष्यों की खोज, पता लगाने और वर्गीकरण प्रदान करता है। यह योजना तीन वर्षों की अवधि में रोजगार पैदा करेगी और एमएसएमई सहित विभिन्न भारतीय उद्योगों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी। इस प्रकार रक्षा में आत्मनिर्भरता हासिल करने के सरकार के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान होगा। मोहन सिंह बिष्ट को 85,215 वोट मिले, जबकि अदील अहमद को 67,637 वोट मिले।

## समावेशी विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है पीएम-एजेएवाई : डॉ. वीरेंद्र कुमार

**नई दिल्ली,एजेंसी।**



प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-एजेएवाई) के लिए केंद्रीय सलाहकार समिति (सीएसी) की बैठक शनिवार को केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री और सीएसी के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में योजना की प्रगति की समीक्षा करने और देश में अनुसूचित जाति समुदायों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के उद्देश्य से रणनीति तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

**इस मौके पर:** डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि पीएम-एजेएवाई सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। केंद्रित हस्तक्षेपों और सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से हम अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को सशक्त बनाने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रहे हैं।

बैठक में राज्य कैबिनेट मंत्रियों के साथ-साथ राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष, केंद्रीय वित्त, कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, नीति आयोग मंत्रालय के प्रतिनिधि और केंद्रीय सलाहकार समिति के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। सभी सदस्यों ने एससी समुदाय की जरूरतों को पूरा करने में योजना के उद्देश्यों और कार्यान्वयन की सराहना की।

मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक सीएसी में योजना के तीन घटकों यानी आदर्श ग्राम, सहायता अनुदान और छात्रावास घटक की व्यापक चर्चा की गई और राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। सीएसी के सदस्यों ने योजना के तीन मुख्य घटकों के तहत हुई महत्वपूर्ण प्रगति की सराहना की।

## पिछड़ा वर्ग में मुस्लिमों को शामिल करने का विरोध, सरकार के फैसले पर भड़के केंद्रीय मंत्री

**हैदराबाद,एजेंसी।**

तेलंगाना में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए जाति सर्वेक्षण में मुस्लिम वर्ग को पिछड़े वर्गों के साथ पिछड़ा वर्ग श्रेणी में शामिल करने पर केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार ने आपत्ति जाहिर की। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने आरोप लगाया कि इस कदम से पिछड़े वर्गों के साथ अन्याय होगा। बंदी संजय कुमार ने शनिवार को तेलंगाना में एमएलसी चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में हैदराबाद के करीमनगर में एक रोड शो में हिस्सा लिया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए बंदी संजय कुमार ने बताया कि पूर्व में वाईएस राजशेखर रेड्डी की



कांग्रेस सरकार ने भी अविभाजित आंध्र प्रदेश में पिछड़े मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग श्रेणी में चार प्रतिशत आरक्षण दिया था।

**पिछड़ा वर्ग संगठनों ने भी जताई नाराजगी:** पिछड़ा वर्ग की कई जातियों के प्रतिनिधियों ने भी तेलंगाना सरकार के इस कदम की आलोचना की है। भाजपा नेता ने दावा किया कि पूर्व में तेलंगाना की बीआरएस सरकार में राज्य में पिछड़ वर्ग की कुल आबादी राज्य की कुल जनसंख्या की 51 फीसदी थी, लेकिन मौजूदा सरकार के सर्वेक्षण में राज्य में पिछड़ा वर्ग की आबादी 46 प्रतिशत बताई गई है। इस बीच तेलंगाना के पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने शनिवार को जाति सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर पिछड़ी जातियों के संगठनों के नेताओं से मुलाकात की।

**कांग्रेस ने जातीय सर्वेक्षण कराने का वादा किया था:** गौरतलब है कि तेलंगाना में किए गए जातीय सर्वेक्षण में राज्य की कुल 3.70 करोड़ की आबादी में पिछड़ी जातियों का प्रतिशत 46.25 है। इनके अलावा अनुसूचित जातियां (17.43 प्रतिशत) अनुसूचित जनजाति (10.45), मुसलमान (10.08) और अन्य जातियां (13.31) हैं। तेलंगाना में कांग्रेस ने जातीय सर्वेक्षण कराने का वादा किया था। उसी वादे के तहत यह जातीय सर्वेक्षण कराया गया है। हाल ही में तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने भी पिछड़ा वर्ग में मुस्लिम वर्ग को शामिल करने पर आपत्ति जताई थी और कहा था कि इससे राज्य के पिछड़ा वर्ग के हित प्रभावित होंगे। यहां से एआईएमआईएम के ताहिर हुसैन को 33,474 वोट मिले और वह तीसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा, मुस्लिम मतदाताओं की बड़ी संख्या वाले दिल्ली आदमी पार्टी ने अच्छा प्रदर्शन किया।

## गोष्ठी के दौरान एसपी ने दिए कई निर्देश

**राष्ट्र संवाद संवाददाता**

**अमेठी** ।जिले में रविवार को पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कोर्ट मोहर्रिर रायबरेली एवं सुलतानपुर,जनपद अमेठी के सभी थानों पर नियुक्त न्यायालय पैरोकार,कोर्ट मोहर्रिर एवं मॉनीटरिंग सेल के अधिकारी व कर्मियों के साथ गोष्ठी की ।गोष्ठी के दौरान सभी को बताया गया कि जिले में घटित गम्भीर किस्म के अपराधों जैसे हत्या,डकैती,लूट,दुष्कर्म,गैंगेस्टर,पॉक्सो एक्ट आदि अपराधों को चिन्हित कर उनकी प्रभावी ढंग से पैरवी करने एवं अपराधियों को कठोर सजा दिलाने के लिये प्रयास किये जाएं ।समस्त पैरोकार को



अभियोगों से संबंधित गवाहों के सम्मन निर्गत कर न्यायालय में उनकी उपस्थित सुनिश्चत करने हेतु निर्देशित किया गया ।विशेषतः मॉनीटरिंग सेल प्रभारी को निर्देशित किया गया कि अभियोगों में साक्षियों की न्यायालय में उपस्थिति का नियमित पर्यवेक्षण किया जाए।

# एनडीए के सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाएं कार्यकर्ता: खेल मंत्री

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

### बैठक में एनडीए के सभी जिला अध्यक्षों ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया

**बेगूसराय** अतिथि गृह में एनडीए घटक दल के प्रदेश अध्यक्षों के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी घटक दलों के जिलाध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों के साथ ही खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता एवं विधायकों ने भाग लिया और आगामी 15 फरवरी 2025 को समय 12:00 बजे दिन में स्थान अयोध्या कपूर्री चरण उच्च विद्यालय घबौली मैदान में आयोजित होने वाले एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन में बेगूसराय जिले के एनडीए के जिला स्तर से लेकर वार्ड स्तर एवं बुथ कमेटी के सभी सदस्य शामिल होंगे। बैठक में एनडीए के सभी जिलाध्यक्षों ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का



संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता ने कहा यह सम्मेलन कोई ऐतिहासिक होगा जिला अध्यक्षों ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यकर्ता सम्मेलन पार्टी कार्यकताओं को संगठित करने, आगामी रणनीतियों पर मंथन करने और गठबंधन की एकता को और मजबूत करने के साथ साथ 2025 के चुनाव में 225 सीटों के संकल्प को जमीन पर उतारने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी घटक दलों के प्रदेश अध्यक्ष भी शामिल होंगे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, लोजपा राम विलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, हम के प्रदेश अध्यक्ष अनिल सिंह, रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहेंगे ।

इसलिए सभी उपस्थित लोगों ने इसे और अधिक प्रभावी और प्रेरणादायक कैसे बनाया जा सके, इसपर चर्चा किया। इस सम्मेलन के माध्यम से कार्यकताओं को चुनावी तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया जाएगा। बैठक के उपरांत सभी उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर दिल्ली जीत की बधाई दी एवं संकल्प लिया कि 2025 में बिहार विधानसभा सभा में भी हमलोग प्रचंड जीत हासिल करेंगे। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा,जदयू जिलाध्यक्ष रुदल राय, राष्ट्रीय लोक मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, हम के जिला अध्यक्ष पीयूष कुमार , लोजपा (आर) जिलाध्यक्ष प्रेम कुमार सहित मौजूद थे।

## अगेहि बाल साहित्य शिखर सम्मान से सम्मानित किए गए डॉक्टर अभिषेक

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

### बाल काव्य सृजन के लिए हिंदी बाल साहित्य शोध संस्थान ने किया युवा साहित्यकार का चयन



बेगूसराय के बलिया अनुमंडल क्षेत्र के सदानंदपुर ग्राम निवासी युवा साहित्यकार डॉ. अभिषेक कुमार को बिहार हिंदी बाल साहित्य शोध संस्थान, दरभंगा के द्वारा सम्मानित किया गया है। डॉ. कुमार को दरभंगा में आयोजित बिहार हिंदी बाल साहित्य शोध संस्थान के आठवें वर्षगांठ में शंभू अगेही बाल साहित्य शिखर सम्मान झ 2025 प्रदान किया गया। डॉ. अभिषेक कुमार को यह सम्मान बाल काव्य झ सृजन के लिए दिया गया है। डॉ. अभिषेक कुमार की अब तक कुल दो बाल काव्य झ संग्रह प्रकाशित हो चुकी है, जिसमें कुल एक सौ इक्यावन बाल कविताएँ संग्रहित है। इनके काव्य झ संग्रह का नाम ह्व मेरी सौ बाल कविताएँ ह्व और ह्व मेरी इक्यावन बाल कविताएँ ह्व है।

**साहित्यकारों ने खुशी का इजहार करते हुए दी शुभकामनाएं**

डॉ. अभिषेक कुमार ने बताया कि वर्तमान में वे बाल कहानियों पर कार्य कर रहे हैं और इसी वर्ष उनके पहले बाल कहानी झ संग्रह प्रकाशित होने की संभावना है। डॉ. अभिषेक कुमार को यह सम्मान बिहार हिंदी बाल साहित्य शोध संस्थान के निदेशक डॉ. सतीश चंद्र भगत, बाल प्रहरी पत्रिका के सम्पादक उदय किरौला, राष्ट्रीय स्तर के चर्चित बाल साहित्यकार वेद प्रताप अग्निहोत्री, सी. एम. साइंस कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष दिनेश प्रसाद साह के द्वारा प्रदान किया गया।

बिहार बाल साहित्य शोध संस्थान के द्वारा सम्मानित किये जाने बाद बेगूसराय के साहित्यकारों ने खुशी जाहिर करते हुए डॉ. अभिषेक कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

## अपनी आठ सूत्री मांग को लेकर नगर विधायक कुंदन कुमार सिंह को दिया ज्ञापन

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

### डीलर्स ने मानदेय और कमीशन में वृद्धि की मांग की है जिसके चलते अनिश्चितकालीन हड़ताल चल रही है।

फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले बेगूसराय डीलर संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नगर विधायक कुंदन सिंह को उनके बेगूसराय आवास पर जाकर ज्ञापन सौंपा जहां विधायक द्वारा बताया कि गया आप लोगो का मांग जायज है। हम अग्रतर कार्रवाई के लिए आपके जायज मांगों को सदन में उठाएंगे और माननीय मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री से मिलेंगे। मालूम हो कि डीलर लगातर अपने मानदेय में वृद्धि कमीशन में वृद्धि अनुकंपा



सहित अन्य मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर है।इस बीच राशन कार्ड धारियों को अनाज वितरण बाधित है। जिला अध्यक्ष गंगाधर झा एवं जिला संयुक्त सचिव विकास कुमार बताया कि। हमारे डीलर संघ के वरीय नेता अंबिका प्रसाद यादव पटना में अनिश्चित कालीन हड़ताल में है।पिछले 20 जनवरी से अनशन पर बैठे उनके समर्थन में पूरे बिहार के डीलरो ने 1 फरवरी से हड़ताल में शामिल है।जिनके कारण पूरे बिहार के 55 हजार डीलर ने अंबिका प्रसाद यादव को समर्थन करते हुए वितरण अवरोध कर दिया हमलोगों की आठ सूत्री मांग सरकार पूरा करे नही तो पूरे बिहार के जन वितरण प्रणाली डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल करते रहेंगे । मौके पर बेगूसराय प्रखंड अध्यक्ष राजू कुमार, सचिव रणजीत कुमार, राजू कुमार, पंकज कुमार के अलावे दर्जनों जन वितरण विक्रेता मौजूद थे।

## जननायक कपूर्री ठाकुर का अपमान देश की जनता नहीं सहेगी: प्रोफेसर रविंद्र

राष्ट्र संवाद ब्यूरो
अशोक कुमार ठाकुर

### कपूर्री ठाकुर की विचारधारा पर चलने का लिया संकल्प



राष्ट्रीय नाई महासभा प्रखंड इकाई बरौनी अंतर्गत कमेटी हरिहरपुर गोविंदपुर की ओर से ओम प्रकाश ठाकुर के दरवाजे पर भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की 101वीं जयंती पखवाड़ा रविवार को मनाई गयी। जयंती कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रखंड अध्यक्ष अधिवक्ता अशोक कुमार ठाकुर ने किया।

इस अवसर पर कपूर्री ठाकुर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला अध्यक्ष प्रोफेसर रविंद्र कुमार पप्पू, जिला सचिव प्रभु प्रताप ठाकुर, रामरतन ठाकुर, ओम प्रकाश ठाकुर, शशिकांत ठाकुर आदि ने जननायक कपूर्री ठाकुर की महानता को याद किया जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था । जिला अध्यक्ष प्रोफेसर रविंद्र कुमार का पप्पू ने कहा कि कपूर्री ठाकुर ने ईमानदारी से मुख्यमंत्री पद का दायित्व निभाया और गरीबों के बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज सामंतवादी सोच रखने वाले समाज विरोधी तत्व द्वारा बछवाड़ा प्रखंड के रुदौली पंचायत में कपूर्री चौक पर निर्मित जननायक कपूर्री ठाकुर के प्रतिमा के चेहरे पर पान की पिक फेंक कर अपमानित किया गया है। जिसको लेकर पूरे जिला ही नहीं पूरे प्रदेश और देश के दलित ,पिछड़ा और समाजवादी विचारधारा के लोग अपमानित महसूस कर रहे हें। यह घोर निंदनीय है इसकी जितनी निंदा की जाए वह काम होगा। राष्ट्रीय नाई महासभा बेगूसराय ने बछवाड़ा थाना को आवेदन देकर प्राथमिक दर्ज कराया है। और वैसे तत्व को चिन्हित करके अविलम्ब कठोर से कठोर सजा दिलाने की पुलिस प्रशासन और सरकार से अनुरोध किया है । जिला सचिव प्रभु प्रताप ठाकुर एवं प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार ठाकुर ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर जी जीवन भर राजनीति को जन सेवा के रूप में अपनाए और गरीबों एवं वंचितों को समाज की मुख्य धारा में लाने का काम किया । आज भी मनुवादी सामंतवादी विचारधारा वाले और सामाजिक तत्व भारत रत्न कपूर्री ठाकुर पर पिरकी फेंक कर अपमानित करने का काम किया है। इसका अर्थ है कि कपूर्री ठाकुर को मानने वाले संपूर्ण देशवासियों को अपमानित करना । ओम प्रकाश ठाकुर एवं रामरतन ठाकुर ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर गरीबों, शोषितों एवं पीड़ितों के आवाज थे उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी आम लोगों की सेवा में लगाया वो हर जाति वर्ग के जननायक थे । यदि उनका सम्मान नहीं किया गया तो बड़ी आंदोलन किया जाएगा। मौके पर कार्यकताओं ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि घटना घटित स्थल के सीसीटीवी कैमरा का फुटेज खंगाल कर असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी की जाए साथ ही प्रशासनिक स्तर से प्रतिमा की सुरक्षा व्यवस्था की गारंटी की जाए। मौके पर उपस्थित लोगों ने कपूर्री ठाकुर की विचारधारा और उनके कार्यों को करते हुए उनके मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। मौके पर संजीव कुमार, प्रभात कुमार, वासुदेव ठाकुर ,राजकुमार ठाकुर के अलावे भारी संख्या में राष्ट्रीय नए महासभा के सदस्य शामिल हुए।

## कर्ज से परेशान युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस, घटना सागी पंचायत के नारायणपुर गांव की

राष्ट्र संवाद संवाददाता

**खोदावंदपुर,बेगूसराय** सागी पंचायत के नारायणपुर गांव में शनिवार की बीती रात कर्ज से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. मृतक सागी पंचायत के नारायणपुर गांव स्थित वार्ड सात निवासी स्वर्गीय सुबेलाल दास का 32 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार दास है. युवक की मौत की खबर सुनते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया. घटना के संदर्भ में स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक बीती रात घर में अकेले सोए हुए था और उसकी पत्नी मायके गयी हुई थी. युवक ने अकेले ही घर में सोया हुआ था तथा आठ फरवरी की रात में स्वयं गमछा से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया. उन्होंने बताया कि युवक मजदूरी कर अपने बाल-बच्चों का भरण-पोषण करता था. वह कई समूह और अन्य महाजनों से कर्ज लिया था और कर्ज चुकाने में वह असमर्थ था. उसी कर्ज से परेशान मजदूर युवक ने स्वयं गले में गमछा से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया. घटना की सूचना मिलते ही रविवार की सुबह दर्जनों लोगों की भीड़ जुट गयी और इसकी सूचना पंचायत के मुखिया, सरपंच व खोदावन्दपुर पुलिस को दिया. सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की गहन जांच पड़ताल करने में जुट गये और शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया. मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक अपने तीन भाइयों में मंझला था. बड़ें भाई मुकेश दास व छोटा भाई राजकुमार दास भी बाहर में रहकर मजदूरी करता है. मृतक को दो पुत्री व एक पुत्र है, जो अपने पिता की मौत से फफक फफककर रो रहा था. उसकी जवान पत्नी किरण देवी अपने पति के शव से लिपटकर दहाड़ मारकर रो रही थी. तथा उसकी वृद्ध मां रामदुलारी देवी छाती पीट-पीटकर रो रही थी. इस घटना से पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है.

## गोरखपुर से पटना तक वंदे भारत सुपर एक्सप्रेस जल्द चलेगी: अश्वनी वैष्णव

**बेतिया,**। रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बहुप्रतिक्षित बेतिया के छावनी स्थित आरओबी के संपर्क संख्या दो की सड़क एवं पुल का उद्घाटन रविवार को किया। खास बात यह रही कि उन्होंने उद्घाटन सभा में उपस्थित माता और बहनों को मंच पर बुलाकर उन्ही से रिमोट से कराया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर से पटना तक वंदे भारत सुपर एक्सप्रेस चलेगी। यह काम तीन से चार माह के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

रेल मंत्री ने कहा कि पांच वर्ष की डबल इंजन की सरकार में रेलवे में ऐसा आमूल चूल परिवर्तन और विकास होगा जो इतिहास में कभी नहीं हुआ है। छावनी आरओबी (ऊपर गामी पुल) की कुल लागत 103.6 करोड़ रुपया है तथा पुल की ऊपरी लंबाई 1.48 किलोमीटर है। रेल मंत्री ने कहा कि पहले रेलवे का बजट 1000 करोड़ रुपया था, अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उसे बढ़ाकर 10,000 रुपया कर दिया है। उन्होंने कहा कि छावनी आरओबी बनने का श्रेय अगर किसी को जाता है तो पश्चिम चंपारण के सांसद डॉक्टर जायसवाल को जाता है। उन्हीं के अथक प्रयास और परिश्रम के कारण ही बनकर तैयार हुआ है।

इसके पूर्व डॉक्टर संजय जयसवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का स्वागत एवं सम्मानित किया। डा. जैसवाल ने अपने संबोधन में चंपारण वासियों के सुविधा के लिए रेल से संबंधित कई डिमांडों का एक पत्र सौंपा और उनके कठिनाइयों से रेल मंत्री को अवगत कराया।केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने रेल से संबंधित कई कठिनाइयों से रेल मंत्री को अवगत कराते हुए कई डिमांड रखी और सहानुभूति पूर्वक उसे पर विचार करने का आग्रह किया।

## पूर्ववर्ती छात्रों ने मध्य विद्यालय बीहट को भेंट किया 5 कम्प्यूटर सेट

राष्ट्र संवाद ब्यूरो

### शिक्षकों का किया सम्मान

**बीहट/ बेगुसराय** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बीहट के पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा विद्यालय को लगभग सवा लाख रुपये का लगभग 5 कम्प्यूटर सेट रविवार को दिया गया। दर्जनों पूर्ववर्ती छात्र और विद्यालय के सैकड़ों बच्चों की उपस्थिति में शिक्षकों के सम्मान के साथ यह भेंट किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के पूर्व प्रधान विवेकानंद शर्मा, शिक्षिका मीना कुमारी, स्मृतिशेष रामाकांत कुंवर के पुत्र अवनीश कुमार, आदेशपाल रामेश्वर साह के शिक्षक पुत्र बिपिन कुमार का सम्मान किया गया। वहीं इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्रों के इस प्रयास की सराहना करते हुए तेघड़ा विधायक राम रतन सिंह ने



कहा कि विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा यह आदर्श स्थापित किया गया है। समाज को इससे सीख लेनी चाहिए। वहीं भारद्वाज गुरुकुल के निदेशक शिवप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि आज जब ये छात्र इस रूप में विद्यालय के लिए काम कर रहे हैं तो वर्तमान शिक्षकों को भी अपने छात्रों को इस रूप में तैयार करना होगा। वहीं विवेकानंद शर्मा ने कहा कि यह क्षण हम सबके लिए प्रेरणादायी है। बीहट का यह विद्यालय मेरे लिए सब दिन प्रिय रहा है। वहीं विद्यालय प्रधान रंजन कुमार ने कहा कि पूर्ववर्ती छात्रों का यह सहयोग अपने समय का इतिहास लिखेगा की विद्यालय के छात्र इस रूप में भी अपने विद्यालय को याद कर सकते हैं। समारोह में स्वागत भाषण पूर्ववर्ती छात्र मनीष कुमार और संचालन डॉ कुन्दन कुमार ने किया। इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्र अजीत कुमार, कृष्ण कुमार, ललन कुमार, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, सुनील पोद्दार सहित अन्य छात्रों द्वारा सम्मान किया गया। मौके पर नगर परिषद बीहट उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार, दिनकर पुस्तकालय के रामनाथ सिंह, विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका अनुपमा सिंह, साइकिल पे सन्डे विनोद भारती, सुजीत कुमार, कुमार गौतम, अंशु कुमार, अभिनव कुमार, पत्रकार संघ के अध्यक्ष बिपिन राज सहित अन्य उपस्थित थे। मौके पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति की गयी।

## सार-संक्षेप

### जीनियस एकेडमी के द्वारा विदाई सह पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित

राष्ट्र संवाद ब्यूरो चीफ

**वीरपुर /बेगुसराय** थाना क्षेत्र के वीरपुर पंचमुखी पुल चौक स्थित जीनियस एकेडमी के द्वारा रविवार को संस्थान में पढ़ने वाले वर्ग दसवीं के छात्र छात्राओं के लिए विदाई सह पुरस्कार सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसकी विधिवत उद्घाटन राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक संत कुमार सहनी और रंजीत कुमार एम पी सर के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। जिसको संबोधित करते हुए संत कुमार सहनी ने कहा कि विद्यार्थी को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करवाने में प्राइवेट स्कूल और कोचिंग सेंटर का काफी महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं जीनियस एकेडमी के संचालक विक्की कुमार विद्यार्थी ने बताया कि वर्ग आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन से पुर्व इसकी जांच के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया था जिसमें सैंकड़ों परीक्षार्थी ने भाग लिया था जिसका रिजल्ट प्रकाशन करने के बाद दर्जनों सफल परीक्षार्थी को पुरस्कृत किया गया। मौके पर शिक्षक संतोष चौरसिया, जय जय राम कुमार, विपुल कुमार,सुधीर कुमार, अभिषेक कुमार, भरत कुमार समेत दर्जनों बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।

### गौरा एक AIYF का गठन शाखा सचिव बने दीपक ठाकुर और अध्यक्ष राजीव कुमार



राष्ट्र संवाद ब्यूरो

**तेघड़ा/बेगूसराय** प्रखंड अंतर्गत AIYF गौरा 1 इकाई का गठन किया। अध्यक्षता योगेन्द्र पासवान और धर्मवीर कुमार की अध्यक्ष मंडली ने की

मौके पर एआईवाईएफ के अंचल मंत्री अतुल राय अंजान ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार युवा और छात्र विरोधी है हर विभाग में पद रिक्त है लेकिन बहाली नहीं हो रही है , बेगूसराय में दर्जनों कारखाना है लेकिन यहां के युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा है इसके लिए हमारी संगठन सड़क पर उतरेगी और युवाओं को योग्यता के आधार पर रोजगार देने के लिए संघर्ष करेगा।

मौके पर सीपीआई के शाखा सचिव और वार्ड सदस्य योगेन्द्र पासवान ने आल इंडिया यूथ फेडरेशन के बारे मे विस्तार से बताया और अपने आदर्श भगत सिंह, चंद्र शेखर आजाद के विचारों पर चलना चाहिए। मौके नई इकाई की गठन किया गया जिसमें सर्व सम्मति से दीपक ठाकुर को सचिव, राजीव कुमार को अध्यक्ष, सतीश कुमार को सह सचिव, धर्मवीर कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया, मौके पर रोहित कुमार, रौशन कुमार, किशन कुमार, रितेश कुमार, अरविंद सिंह, आदि सहित दर्जनों लोगों उपस्थित थे

### नॉलेज इंग्लिश एकेडमी तेघड़ा में शिक्षक एवं अभिभावकों के बीच सेमिनार का आयोजन



राष्ट्र संवाद ब्यूरो

**तेघड़ा/बेगूसराय** नॉलेज इंग्लिश एकेडमी तेघड़ा मे बच्चों की सर्वांगीण विकास और बेहतर ढंग से कैसे हो इसी संदर्भ में पैरेंट्स टीचर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए विधालय के निदेशक रजनीश कुमार ने पैरेंट्स से कहा बच्चों के साथ समय बिताएं

बच्चों के दिमाग को पढ़ने की कोशिश करें स्कूल के कार्यों का घर पर रिवीजन कराएं तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव होगा। वही शिक्षिका मिट्ठू मिस ने पेरेंट्स को इंग्लिश स्पोकन से बच्चों के जीवन में क्या फायदे हो सकते हें ।इसके बारे में विस्तार से बताएं उन्होंने अपने संबोधन में कहा धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलने से बच्चों का आत्मविश्वास काफी बढ़ता है जबकि पर्सनालिटी डेवलपमेंट क्लास से बच्चों को अपनी वास्तविक क्षमताओं का पता चलता है और वे अपने कौशल का विकास करते हें ।वही शिक्षिका हर्षिता सिन्हा ने संबोधित करते हुए आगामी वार्षिक परीझा कही उन्होंने परीक्षा छात्रों का दर्पण होता है। इससे आप अपने बच्चों का आंकलन स्वयं कर सकते हें ।तथा भविष्य में उनके खामियों पर कार्य करके बेहतर परिणाम पा सकते हैं। अंत मे विद्यालय प्राचार्य निक्की मैम ने अभिभावकों को नववर्ष के कैलेंडर देकर घन्यबाद ज्ञापन किए मौके पर शिक्षका रूबी प्रवीण, फुल मिस,खुशबू मैम, हर्षिता मिस , मुस्कान मिस, आरती मिस , ज्योति सिन्हा शिझक अमिर सहित अभिभावक राजनंदन चौधरी रूबी खातून संजू कुमारी सविता शर्मा कोमल देवी प्रीति देवी रेखा देवी रानी देवी शिवानी कुमारी राखी कुमारी देवकी देवी मोनी कुमारी हरित देवी ,शशि कुमार आदि उपस्थित थे।

### दिल्ली में जीत की खुशी को लेकर तेघड़ा में भाजपाइयों ने निकला विजयी जुलूस



राष्ट्र संवाद ब्यूरो चीफ/बेगूसराय

दिल्ली में जीत की खुशी को लेकर तेघड़ा में भाजपाइयों के द्वारा विजय जुलूस निकाला गया। तेघड़ा नगर मंडल अंतर्गत चैती दुर्गा स्थान से गौशाला तक बैंड बाजा के साथ जुलूस निकालकर अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया।विजय जुलूस के दौरान मोदी योगी जिंदाबाद के नारा लगाया गये। जुलूस के दौरान भाजपा के नेताओं ने एक दूसरे को गुलाल एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। पूर्व विधायक ललन कुंवर ने बताया कि असत्य पर सत्य की जीत हुई है। केजरीवाल को दिल्ली वासियों ने देर से ही सही दुरुस्त समझा है। भाजपा नेताओं ने दिल्ली वासियों को साधुवाद दिया है। जुलूस के दौरान नगर मंडल अध्यक्ष दीपक राय, पूर्व जिला मंत्री शालिनी देवी , ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोहर कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष गणपति झा, सोशल मीडिया विधानसभा संयोजक श्याम कुमार छोटे, पिढ़ौली के मुखिया अनुराग प्रताप सन्नी , बरौनी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष देवराज कुमार, बजरंग दल के संयोजक इतवारी सिंह, पूर्व मंडल महामंत्री पंकज कुमार, हरेराम राय समेत अन्य नेता मौजूद थे।

पंजीयन संख्या :JHAHIN01092 स्वामी , प्रकाशक , मुद्रक व संपादक देवानंद सिंह द्वारा अमन प्रिंटर , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर - 3 से मुद्रित तथा अमन पब्लिकेशन राष्ट्र संवाद , 66 गोलमुरी बाजार , जमशेदपुर -3 झारखंड से प्रकाशित ।फोन : 0657 - 2341060 /2344002 मो:09431179542 /09102339999 / 07739802044 / 09334823893

टेनिसः

## चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर में रामनाथन-मायनेनी की जोड़ी खिताब बचाने में विफल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोचीजुकी और उईसुगी की गैरवरीय जापान की जोड़ी ने एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में रामनाथन और माइनेनी की सर्विस एक बार तोड़ी और 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। भारत के रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी की गत चैंपियन जोड़ी को शनिवार को खिताबी मुकाबले में जापान के शिंटारो मोचीजुकी और काइतो उईसुगी से हारने के बाद चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर युगल स्पर्धा में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

मोचीजुकी और उईसुगी की गैरवरीय जापान की जोड़ी ने एक घंटे सात मिनट तक चले मुकाबले में रामनाथन और माइनेनी की सर्विस एक बार तोड़ी और 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। यह उईसुगी और मोचीजुकी के लिए दूसरा एटीपी चैलेंजर युगल खिताब था। मोचीजुकी ने 2019 में विंबलडन में लड़कों का एकल खिताब जीता था।

# राशिद खान की कप्तानी में MI केपटाउन का चमत्कारी प्रदर्शन, बनी एसए 20 चैम्पियन



**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** पिछली दो बार आखिरी स्थान पर रही एमआई केपटाउन ने राशिद खान की कप्तानी में तीसरे सत्र में चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए दो बार की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को वांडरर्स पर खेले गए फाइनल में बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 76 रन से हराकर एस20का खिताब अपने नाम किया।

कैगिसो रबाडा ने जैसे ही 19वें ओवर की चौथी गेंद पर रिचर्ड ग्लीसन को आउट किया, मैदान पर आए 22000 से ज्यादा दर्शकों के बीच एमआई के नीले झंडे लहराते दिखाई देने लगे। पूरा स्टेडियम अपने स्थानीय नायक 'रबाडा रबाडा के शोर से गूंज उठा जिन्होंने 3.4 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं ट्रेंट बोल्ट ने चार ओवर में सिर्फ नौ रन देकर दो विकेट लिए। जीत के लिए 182 रन का पीछा करते हुए सनराइजर्स 105 रन पर आउट हो गए। पिछले दो मैचों में जोबर्ग सुपर किंग्स और पार्ल रॉयल्स पर लगातार जीत दर्ज करके आई एडेन माक्रम की टीम उस लय को कायम नहीं रख सकी और टॉम एबेल (30) और टोनी डि जोर्जी (26) को छोड़कर उनका कोई बल्लेबाज नहीं चल सका। एमआई के स्पिनर जॉर्ज लिंडे ने चार ओवर में 20 रन देकर दो विकेट चटकाए। पिछले साल टी20 विश्व कप में अफगानिस्तान को सेमीफाइनल तक ले जाकर क्रिकेट जगत को चौंकाने वाले दिग्गज लेग स्पिनर राशिद ने एक और उपलब्धि अपने नाम कर ली। वह इससे पहले इसी टूर्नामेंट में टी20 प्रारूप में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी बने थे। लगातार पांच मैच जीतकर फाइनल तक पहुंची एमआई केपटाउन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए काफी आक्रामक शुरूआत की और रियान रिकेलटन तथा रासी वान डेर डुसेन ने दस रन प्रति ओवर से भी अधिक तेजी से रन बनाए।

क्रेग ओवरटन ने पहला ओवर किफायती डाला जिसमें तीन ही रन बन सके लेकिन मार्को यानसेन को दूसरे ओवर में रिकेलटन ने डीप थर्ड मैन और फाइन लेग पर छक्के लगाये जबकि सिर के ऊपर से स्ट्रेट चौका जड़ा। वहीं वान डेर डुसेन ने अगले ओवर में ओवरटन को नसीहत देते हुए स्क्वेयर लेग के ऊपर से छक्का लगाया। रिकेलटन ने यानसेन का आत्मविश्वास तोड़ने में कोई कसर नहीं रखी और चौथे ओवर में उन्हें दो शानदार छक्के लगाकर रनगति को तेजी से आगे बढ़ाना जारी रखा।

पहले आफ स्टम्प से बाहर जाती शॉर्ट गेंद पर उन्होंने लेग साइड में छक्का लगाया और फिर कलाई का कमाल दिखाते हुए स्क्वेयर लेग के ऊपर शॉट खेलकर गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचाया। इसके बाद हालांकि एमआई केपटाउन को लगातार दो झटके लगे। पांचवें ओवर में ओवरटन को वान डेर डुसेन ने छक्का जड़ा लेकिन आखिरी गेंद पर रिकेलटन (15 गेंद में चार छक्के और एक चौका) का विकेट लेकर उन्होंने सनराइजर्स को बड़ी सफलता दिलाई। कैच लियाम ग्लीसन ने लपका।

# आईपीएल टीमों को बीसीसीआई ने दिया बड़ा झटका, इस चीज के इस्तेमाल पर लगाई रोक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने आईपीएल की शुरुआत से करीब डेढ़ महीने पहले अपने राज्य क्रिकेट संघों को एक बड़ा और सख्त निर्देश दिया है. बीसीसीआई ने राज्य संघों से सख्त लहजे में कहा है कि आईपीएल के लिए तय मैदानों को लीजेंड्स लीग और सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग आदि के लिए उपलब्ध ना कराया जाए. साथ ही बीसीसीआई ने आईपीएल टीमों को भी बड़ा झटका दिया.

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के मुताबिक मैदानों को आईपीएल फ्रेंचाइजी को भी अभ्यास के लिए नहीं दिए जाएंगे. बीसीसीआई ने राज्य क्रिकेट संघों को इसे लेकर एक ई-मेल भी भेजा है. बीसीसीआई ने इस मामले को लेकर राज्य क्रिकेट संघों को एक ई-मेल भेजा है.

ई-मेल में बीसीसीआई ने कहा कि मैदान और आउटफील्ड साफ सुथरे रहें. हालांकि बीसीसीआई ने ये भी कहा है कि, रणजी ट्रॉफी के जो मैच पहले से निर्धारित है उनके लिए मुख्य स्क्वायर और आउटफील्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है. लेकिन आईपीएल टीमों के अभ्यास सत्र, लीजेंड्स लीग, स्थानीय मैच और सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग आदि के लिए मैदानों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है.

पाक वर्सेस न्यूज़ीलैंडः

## मैच के दौरान रचिन रविंद्र को लगी गंभीर चोट, सिर से बहा खून



**लाहौर, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र को शनिवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे ट्राई-नेशन सीरीज के मैच के दौरान फील्डिंग करते समय गंभीर चोट लग गई। खुशदिल शाह ने न्यूजीलैंड की पारी के 38वें ओवर की तीसरी गेंद पर स्लॉग-स्वीप खेला जिसे स्पिनर माइकल ब्रेसवेल ने फेंका था। डीप स्क्वायर लेग पर खड़े रचिन कैच लेने गए, लेकिन गेंद को देख नहीं पाए। इससे पहले कि वे गेंद को देख पाते, गेंद रचिन के चेहरे पर लगी और खिलाड़ी जमीन पर गिर पड़ा। चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें मैदान से बाहर ले जाने से पहले ही खून बहने लगा, संभवतः खून बहने से रोकने के लिए उनके माथे पर आइस पैक लगाया गया था।

रचिन रविंद्र के लिए मैदान पर एक मुश्किल पल था, जब कैच लेने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से चोट में बदल गया। ग्लेन फिलिप्स ने अपना पहला शतक लगाया और मिशेल सेंटनर ने तीन विकेट लिए जिससे न्यूजीलैंड ने लाहौर में त्रिकोणीय श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान पर 78 रनों की शानदार जीत दर्ज की।

फिलिप्स ने 74 गेंदों पर सात छक्कों और छह चौकों की मदद से नाबाद 106 रन बनाए, जिससे ब्लैककैप्स ने 50 ओवर में 6 विकेट पर 330 रन बनाए, जबकि सेंटनर ने 41 रन देकर 3 विकेट लिए जिससे मेहमान टीम ने पाकिस्तान को 47.5 ओवर में 252 रनों पर ढेर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका इस सीरीज की तीसरी टीम है, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले खेलने जा रही है।

नेशनल गेम्स राउंड अपः

## ट्रैक एवं फील्ड एथलीटों ने बटोरीं सुर्खियां, कुजूर ने 100 मी में स्वर्ण पदक जीता



**देहरादून, एजेंसी।** सेना ने शनिवार को तीन स्वर्ण पदक जीते और 71 पदक (42 स्वर्ण, 16 रजत, 13 कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। इसके बाद कर्नाटक (30 स्वर्ण, 12 रजत, 16 कांस्य) और महाराष्ट्र (25 स्वर्ण, 42 रजत, 46 कांस्य) का स्थान रहा।

ओडिशा के उभरते सितारे अनिमेष कुजूर ने शनिवार को यहां अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी में 38वें राष्ट्रीय खेलों में मीट रिकॉर्ड की बराबरी करते हुए पुरुषों की 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता जिसमें शनिवार को ट्रैक और फील्ड एथलीटों ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के शुरुआती दिन दांव पर लगे 10 स्वर्ण में से महाराष्ट्र और सेना ने दो-दो स्वर्ण जीते, जबकि ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और तमिलनाडु ने एक-एक स्वर्ण जीता।

सेना ने शनिवार को तीन स्वर्ण पदक जीते और 71 पदक (42 स्वर्ण, 16 रजत, 13 कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। इसके बाद कर्नाटक (30 स्वर्ण, 12 रजत, 16 कांस्य) और महाराष्ट्र (25 स्वर्ण, 42 रजत, 46 कांस्य) का स्थान रहा। मध्य प्रदेश 19 स्वर्ण, 13 रजत और 18 कांस्य पदक के साथ चौथे स्थान पर रहा जबकि हरियाणा 18 स्वर्ण, 26 रजत और 28 कांस्य पदक के साथ पांचवें स्थान पर रहा।

बैडमिंटन

## बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटीं भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ कठिन ग्रुप डी में रखा गया है।

भारत अपना अभियान 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ शुरू करेगा जिसके बाद 13 फरवरी को दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़ा मुकाबला होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने पैर की मांसपेशियों में चोट के कारण चीन में होने वाली बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है जिससे देश की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पदक का रंग सुधारने की संभावनाओं को बड़ा झटका लगा है। यह टूर्नामेंट 11 से 16 फरवरी तक किंगदाओ में खेला जाएगा। भारतीय खिलाड़ी अभी गुवाहाटी में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रहे हैं।

सिंधू के अलावा शिविर में लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय के साथ-साथ सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष युगल जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी उस भारतीय टीम का हिस्सा थी जिसने टूर्नामेंट के पिछले सत्र में कांस्य पदक जीता था। सिंधू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, मैं भारी मन से यह बता रही हूं कि मैं बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 के लिए टीम के साथ यात्रा नहीं करूंगी। चार फरवरी को गुवाहाटी में ट्रेनिंग के दौरान मुझे अपनी पैर की मांसपेशियों में दर्द महसूस हुआ।

अपने देश के लिए पट्टी लगाकर खेलने के प्रयास करने के बावजूद एमआरआई से पता चला है कि मुझे शुरुआत में जितना लगा था चोट के ठीक होने में उससे अधिक समय लगेगा। सिंधू बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में अपना पहला महिला एकल स्वर्ण पदक जीतने के बाद से चोटों से जूझ रही हैं। इस स्टार खिलाड़ी को राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान बाएं पैर में स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया था जिसके कारण वह 2022 में विश्व चैंपियनशिप और विश्व टूर फाइनल सहित सभी शेष प्रतियोगिताओं से बाहर हो गईं थी। बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को उपविजेता दक्षिण कोरिया और मकाऊ के साथ कठिन ग्रुप डी में रखा गया है। भारत अपना अभियान 12 फरवरी को मकाऊ के खिलाफ शुरू करेगा।

# श्रीलंका में 13 साल बाद टेस्ट सीरीज जीता ऑस्ट्रेलिया

## 2-0 से क्लीन स्वीप किया, गॉल टेस्ट में 9 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टेस्ट 9 विकेट से जीत लिया है। टीम ने इसी के साथ दो मैचों की सीरीज 2-0 से जीत ली। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट पारी के अंतर से जीता था। ऑस्ट्रेलियाई टीम 13 साल के बाद श्रीलंका में टेस्ट सीरीज जीती है। इससे पहले 2011 में जीती थी। इसके बाद 2 सीरीज खेली गई, एक श्रीलंका ने जीती और दूसरी ड्रॉ रही। दोनों टीमों के बीच दो मैचों की वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 12 फरवरी को कोलंबो में खेला जाएगा।

गॉल में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पहली पारी में 257 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए। इस आधार पर टीम को 157 रन की बढ़ मिली। मेजबान श्रीलंका दूसरी पारी में भी बड़ा स्कोर नहीं खड़ा कर सकी और 231 पर सिमट गई। इस तरह कंगारू टीम को 75 रन का टारगेट मिला, जो टीम ने 1 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मेंडिस ने 50 रन बनाए श्रीलंका ने रविवार को चौथे दिन दूसरी पारी में 211/8 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया।



टीम ने 20 रन जोड़े और दो विकेट गंवा दिए। कुसल मेंडिस 50 और लाहिरु कुमारा 9 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में मैथ्यू कुह्नेमन और नाथन लायन ने 4-4 विकेट झटके। ब्यू वेबस्टर ने 2 विकेट लिए। 75 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रैविस हेड 20 रन बनाकर आउट हुए। उस्मान ख्वाजा 27 और मार्नस लाबुशेन 26 रन बनाकर नॉटआउट लौटे।

तीसरे दिन श्रीलंका ने दूसरी पारी में 8 विकेट पर 211 रन बनाए शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन श्रीलंका ने अपनी दूसरी पारी में 8 विकेट पर 211 रन बना लिए। टीम ने पहली पारी में 257 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए, इसलिए टीम फिलहाल 54 रन से पिछड़ रही है। श्रीलंका से दूसरी पारी में एंजलो मैथ्यूज ने 76 रन बनाए, वहीं कुसल मेंडिस 48 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम से प्रबाथ जयसूर्या ने पहली पारी में 5 विकेट लिए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट पारी के अंतर से जीता था।

## आयरलैंड के दिग्गज मुक्केबाज जॉन कूनी का निधन, हाल ही में गंवाया था सुपर फेदरवेट खिताब



**बेलफास्ट, एजेंसी।** खेल जगत से रविवार को एक दुखद खबर सामने आई है। आयरलैंड के प्रसिद्ध मुक्केबाज जॉन कूनी का नाथन हॉवेल्स के खिलाफ सेल्टिक सुपर-फेदरवेट खिताब हारने के एक हफ्ते बाद निधन हो गया है। उन्हें मुकाबले के बाद आईसीयू में रखा गया था।

आयरलैंड के 28 वर्षीय मुक्केबाज कूनी की मौत की पुष्टि उनके प्रमोटर मार्क डनलप द्वारा कूनी परिवार और उनकी मंगेतर एमालीन की ओर से प्रकाशित एक बयान में की गई। बयान में कहा गया, अपने जीवन के लिए एक सप्ताह तक संघर्ष करने के बाद जॉन कूनी का निधन हो गया। वह एक बहुत प्यारा बेटा, भाई तथा साथी था और हम सभी को यह भूलने में जीवन भर लग जाएगा कि वह कितना खास था। भगवान आपकी आत्मा को शांति दे जॉन द किड कूनी।

उल्सटर हॉल में हॉवेल्स के साथ कूनी का मुकाबला नौवें दौर में रोक दिया गया था। बाद में कूनी की सर्जरी की गई थी।



# चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान को डबल झटका

## न्यूजीलैंड से हार और स्टार तेज गेंदबाज चोटिल

**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान को अपने घर पर बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है. ट्राई सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड ने लाहौर में पाकिस्तान की टीम को 78 रनों से रौंदा. कीवी टीम के लिए ग्लेन फिलिप्स ने सिर्फ 74 गेंद में नाबाद 106 रनों की शानदार पारी खेली. पाकिस्तान को इस मैच में डबल झटका लगा. टीम की शर्मनाक हार हुई और स्टार तेज गेंदबाज हारिस रऊफ चोटिल भी हो गए. अब उनका अगला मैच खेलना मुश्किल है. मैच की बात करें तो कीवी कप्तान मिशेल सैंटनर ने टॉस जीता, और पहले बैटिंग का फैसला लिया. शुरुआत खराब रही. पहले ही ओवर में शाहीन अफरीदी ने विल यंग को पवेलियन भेजा दिया.

इसके बाद रचिन रवींद्र ने पांच चौके मारे, लेकिन 19 गेंद में 25 रन बनाकर वह भी चलते बने. सिर्फ 39 रनों पर न्यूजीलैंड के दो विकेट गिर गए थे. इसके बाद डेरिल मिचेल और केन विलियमसन ने मोर्चा संभाला. दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 95 रनों की साझेदारी की. 400 से ज्यादा दिन बाद वनडे खेलने उतरे केन विलियमसन ने 89 गेंद में सात चौकों की मदद से 58 रन बनाए.

वहीं डेरिल मिचेल ने 84 गेंद में 81 रनों की पारी खेली. इसके बाद ग्लेन फिलिप्स का शो देखने को मिला. फिलिप्स ने 74 गेंद में नाबाद 106 रन बनाए. उनके बल्ले से 6 चौके और 7 छक्के निकले. उनका माइकल ब्रेसवेल ने भी अच्छा साथ दिया. उन्होंने 23 गेंद में एक चौके और तीन छक्के की मदद से 31 रन बनाए. इस तरह न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 330 रनों का स्कोर खड़ा किया. जवाब में पाकिस्तान की शुरुआत ठीक रही. बाबर आजम और फखर जमान पारी की शुरुआत करने आए और दोनों ने 52 रन जोड़े. हालांकि, इसमें बाबर के सिर्फ 10 रन ही रहे. बाबर 23 गेंद में 10 रन बनाकर ब्रेसवेल की गेंद पर कैच आउट हुए. फिर एक तरफ से विकेट गिरते रहे और एक तरफ से फखर जमान कीवी गेंदबाजों को धुनते रहे.

कामरान गुलाम 32 गेंद में 18, मोहम्मद रिजवान 11 गेंद में तीन रन बनाकर आउट हो गए. वहीं जमान ने 69 गेंद में 84 रनों की पारी खेली. उनके बल्ले से 7 चौके और 4 छक्के निकले. सलमान अली आगा 40, तय्यब ताहिर 30 और खुशदिल शाह 15 रन बनाकर आउट हुए. ये सभी मिलकर भी मैच को क्लोज नहीं ले जा सके.